


# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 180 | ग्वालियर गुरुवार, 20 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### चीन नहीं अब भारत है दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश



दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश अब चीन नहीं है, बल्कि अपना देश भारत है. इस साल की शुरूआत में ही ग्लोबल एक्सपर्ट्स ने अनुमान लगाया था कि 2023 में सबसे ज्यादा भारत में होगी, और अब इस पर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के नवीनतम आंकड़ों ने मुहर लगा दी है. संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत अब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है. भारत में अब चीन की तुलना में 20 लाख से ज्यादा लोग हैं, और इस देश की आबादी बढ़ते-बढ़ते 140 करोड़ के पार पहुंच गई है. चीन में बच्चे पैदा करने की दर कम हुई है, और वो इस साल माइनस में दर्ज की गई. द स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2023, जिसे 8 बिलियन लाइव्स, इनफिनिट पॉसिबिलिटीज़ द केस फॉर राइट्स एंड चॉइस के टाइटल से जारी किया गया है, उसमें कहा गया है कि अब भारत की जनसंख्या 1,428.6 मिलियन है, जबकि चीन की जनसंख्या 1,425.7 मिलियन है. यानी दोनों की जनसंख्या में 2.9 मिलियन का अंतर हो गया है. रिपोर्ट में ताजा आंकड़े डेमोग्राफिक इंडिकेटर्स की कैटेगरी में दिए गए हैं. संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या डेटा रिकॉर्ड में यह पहली बार है कि भारत की जनसंख्या 1950 के बाद से चीन से ज्यादा दर्ज की गई है, दरअसल संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 1945 में खत्म हुए द्वितीय विश्व युद्ध के बाद हुई थी और 1950 संयुक्त राष्ट्र ने जनसंख्या डेटा एकत्र करना और जारी करना शुरू किया था.

### कांग्रेस नेता ने अतीक अहमद को बताया शहीद, कर दी भारत रत्न देने की मांग



**नई दिल्ली।** यूपी के प्रयागराज से पुलिस कस्टडी में मौत के घाट उतारे गए माफिया अतीक अहमद से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है. कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी राजकुमार उर्फ रज्जू भैया ने अतीक अहमद को शहीद बता दिया है. कांग्रेस उम्मीदवार ने अतीक अहमद को भारत रत्न दिए जाने की मांग करते हुए कहा कि, अतीक अहमद ने शहादत पाई है, लिहाजा उनके शव पर तिरंगा रखा जाना चाहिए था. उन्होंने आरोप लगाया कि योगी सरकार ने अतीक अहमद की हत्या कराई है. सीएम योगी को इस वजह से अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए. उन्होंने सवाल उठाए कि अगर मुलायम सिंह यादव को पद्म विभूषण मिल सकता है तो फिर अतीक अहमद को भारत रत्न क्यों नहीं मिलना चाहिए. बता दें कि राजकुमार सिंह उर्फ रज्जू भैया कांग्रेस पार्टी के पुराने नेता हैं. वे नगर निगम के वार्ड नंबर 43 साउथ मलाका से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं. वे पहले भी पार्षद का चुनाव लड़ चुके हैं. कांग्रेस उम्मीदवार का विवादित बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने कांग्रेस उम्मीदवार को हिरासत में लिया है. उन्हें कोतवाली थाने में रखा गया है. बता दें कि कुख्यात गैंगस्टर और माफिया अतीक अहमद की हत्या को लेकर काफी बयानबाजी हो रही है. विपक्ष के कई नेता जहां इस हत्या का विरोध कर रहे हैं तो वहीं सत्तापक्ष भी इसे लेकर विपक्ष पर हमलावर है. अतीक और उसके भाई अशरफ की पिछले दिनों उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जब उसे अस्पताल से मेडिकल जांच के बाद ले जाया जा रहा था. सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधा था.

### कुलगाम में अचानक बढ़ा जलस्तर, फंस गए लोग

**नई दिल्ली।** खराब मौसम के बीच कुलगाम जिला प्रशासन ने एक बचाव अभियान चलाया और कुलगाम जिले के वेशो चामगुंड क्षेत्र में फंसे एक खानाबदोश परिवार को उनके पशुओं के साथ बचाया. कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटों से भारी बारिश और बर्फबारी हो रही है जिसके चलते पहाड़ी नदी नालों में अचानक बाद जैसे हालात बन गए हैं. एक अधिकारी ने बताया कि जैसे ही उन्हें जानकारी मिली है कि कुलगाम के चामगुंड इलाके में लगातार बारिश के कारण जल स्तर में अचानक वृद्धि के कारण कुछ खानाबदोश अपने पशुओं के साथ फंस गए हैं. तुरंत ही पुलिस, एसडीआरएफ, पंचायती राज संस्थाओं और राजस्व टीम की मदद से तेजी से कार्रवाई करते हुए उक्त क्षेत्र में बचाव अभियान चलाया गया. बचाव अभियान के दौरान चामगुंड पुल के पास वेशो नदी से महिलाओं और बच्चों सहित 19 खानाबदोशों और 100 से अधिक जानवरों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया. इस बीच जब तहसीलदार पहलू से संपर्क किया गया तो शौकत हुसैन राठेर ने बताया कि सभी खानाबदोश सुरक्षित हैं और हमने उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया है और उन्हें राशन और बिस्तर भी दिया गया है. स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन कुलगाम और पुलिस के प्रयासों और त्वरित कार्रवाई की सराहना की है. बता दें कि कश्मीर घाटी पिछले दो दिनों से खराब मौसम का सामना कर रही है, मैदानी इलाकों में लगातार बारिश हो रही है और ऊपरी इलाकों में बर्फबारी हो रही है. लगातार बारिश और बर्फबारी के कारण कई पर्वतीय जलधाराओं में बाढ़ आ गई है और तापमान में भी भारी गिरावट आई है.

## हरियाणा सरकार को हाई कोर्ट से झटका

# मनसा देवी मंदिर के पास मीट बैन के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार के मनसा माता देवी मंदिर परिसर के आस-पास मीट बैन के आदेश पर अगली सुनवाई तक के लिए रोक लगा दी है. जस्टिस विनोद एस भारद्वाज ने मीट व्यापारियों की याचिका पर यह आदेश जारी किया. हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव, शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने 20 दिसंबर, 2022 के आदेश के माध्यम से माता मनसा देवी मंदिर के आस-पास को ÷पवित्र क्षेत्र÷ घोषित किया था. इसके साथ ही यहां पर मांस और मांस उत्पादों की बिक्री और खरीद पर रोक लगा दी थी. याचिकाकर्ताओं ने फैसले के




खिलाफ कोर्ट का रुख किया. सोमवार (17 अप्रैल) को सुनवाई के दौरान उन्होंने तर्क दिया कि फैसले के बारे में उन्हें कोई सार्वजनिक सूचना नहीं दी गई थी. साथ ही यह भी कहा कि आदेश किसी भी वैधानिक प्रावधान का उल्लेख नहीं करता था जिसके तहत ऐसी घोषणा जारी की गई थी. इसमें आगे कहा गया कि बिना किसी वैधानिक आधार के याचिकाकर्ताओं को उनके व्यवसाय को चलाने से रोकने की कार्रवाई की गई और उन्हें दिए गए अधिकारों का उल्लंघन है. यह आगे तर्क दिया गया कि याचिकाकर्ताओं को उक्त क्षेत्र में मांस और मांस उत्पादों की बिक्री और खरीद के लिए सक्षम प्राधिकारी ने विधिवत लाइसेंस जारी किया था, जिसमें उन्हें कानून के अनुसार बिजनेस करने का वादा किया गया था. कोर्ट ने अगली सुनवाई तक आदेश पर रोक लगाते हुए राज्य को जवाब दाखिल करने को कहा है. मामले की अगली सुनवाई 7 अगस्त को होगी.

# समलैंगिक विवाह पर केंद्र ने राज्यों से मांगी राय, 10 दिन में जवाब देने को कहा

**नई दिल्ली।** मलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बीच केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से इस मुद्दे पर उनकी राय मांगी है. केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है. सभी राज्यों को समलैंगिक विवाह के मुद्दे पर 10 दिनों के भीतर जवाब देने को कहा गया है. केंद्र सरकार ने बुधवार (19 अप्रैल) को सुप्रीम कोर्ट में एक नया शपथपत्र दायर किया. इसमें एक पक्ष के रूप में केंद्र शासित प्रदेशों और राज्यों के विचार जानने की मांग की गई. केंद्र ने शपथपत्र में कहा कि यह मामला विधायी दायरे में आता है, ऐसे में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विचार जानना आवश्यक है. सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को भी समलैंगिक विवाह के मुद्दे पर सुनवाई जारी रही. केंद्र ने कोर्ट में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग करने वाली याचिकाओं का विरोध किया है. केंद्र ने इसे शहरी एलीट विचार बताते हुए कहा है कि इस पर कानून बनाने का अधिकार संसद के पास है.



अब केंद्र सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस मामले में पार्टी बनाना चाहता है और उनसे 10 दिनों के अंदर मामले पर अपने विचार रखने को कहा है. राज्यों को भेजे पत्र में कहा गया है कि इस मामले पर किसी भी निर्णय के लिए मौजूदा सामाजिक रीति-रिवाजों, प्रथाओं, मूल्यों, मानदंडों, राज्य के नियमों और इस तरह के प्रभाव के आकलन की आवश्यकता होती है जो समाज के विभिन्न वर्गों में प्रचलित हो सकते हैं. इसमें आगे कहा गया है कि ÷यह महत्वपूर्ण है कि सभी राज्य सरकारों के विचारों को प्रभावी निर्णय के लिए शामिल करते हुए न्यायालय के समक्ष एक समग्र और सामंजस्यपूर्ण दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जाए। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वकील मुकुल रोहतगी ने केंद्र के राज्यों को लिखे पत्र पर कहा कि वह शीर्ष अदालत में एक केंद्रीय कानून को चुनौती देने आए हैं. राज्यों को केंद्र का पत्र उनके मामले में प्रासंगिक नहीं है. उन्होंने कहा कि नोटिस 5 महीने पहले भेजा गया था, जबकि राज्यों को यह पत्र कल भेजा गया है. यह कैसे प्रासंगिक हो सकता है।

## बंगाल जाने की फिराक में शाइस्ता और शूटर साबिर!



**नई दिल्ली।** उमेश पाल हत्याकांड मामले में पुलिस और एसटीएफ (स्ञ्जस्न) को अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन, बमबाज गुड्डू मुस्लिम के साथ ही शूटर साबिर और अरमान की तलाश है. अब एक बड़ी खबर सामने आ रही है कि हत्याकांड में शामिल शूटर साबिर साए की तरह अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी और पत्नी शाइस्ता परवीन के साथ प्रयागराज के कछार इलाके में छिप रहा था. शूटर साबिर, आयशा नूरी, शाइस्ता परवीन पिछले 30 दिनों से साथ में हैं. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पानी के रास्ते तीनों पश्चिम बंगाल जाने की फिराक में हैं. शूटर साबिर, आयशा नूरी, शाइस्ता परवीन प्रयागराज में ही हैं. तीनों की लोकेशन बार-बार बदल रही है. कौशांबी के कछार के इलाके में तीनों के होने की आशंका है. इनता ही नहीं आयशा और शाइस्ता के साथ आधे दर्जन से ज्यादा महिलाएं भी हैं, जो हमेशा बुरखा पहनकर इन दोनों के साथ रहती हैं.

**रोजाना फोन बदल रही शाइस्ता**–खबर ये भी मिली है कि आयशा और शाइस्ता रोजाना फोन और नंबर बदल रहे हैं. पुलिस उन सभी लोगों की तलाश में जुटी हुई है जो आयशा, शाइस्ता और साबिर की मदद कर रहे हैं. इसके अलावा पुलिस को गुड्डू मुस्लिम का भी पता लगाना है. हालांकि, जांच एजेंसी ने अतीक और गुड्डू के हवाला रूट का पता लगा लिया है.

**पुलिस रिमांड में भेज गए तीनों आरोपी**–वहीं, दूसरी तरफ माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद के आरोपियों को 4 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया है. तीनों आरोपियों को पहले कोर्ट में पेश किया, जहां कोर्ट ने रिमांड की मांग मंजूर कर ली. अब तीनों से ही इस पूरे मामले में सवाल किए जाएंगे.

# अतीक-अशरफ हत्याकांड में सबसे बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज में अतीक अहमद और अशरफ हत्याकांड के चौथे दिन बड़ा एक्शन हुआ है. इस मामले में पांच पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है. शाहगंज थाने के प्रभारी, दो सब इंस्पेक्टर और दो कॉन्स्टेबल सस्पेंड किए गए. शाहगंज इंस्पेक्टर अश्विनी सिंह निलंबित किया गया है. एसआईटी ने मंगलवार को एसओ समेत सभी पुलिस कर्मियों से पूछताछ की जिसके बाद एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई. घटनास्थल पर सतर्कता नहीं बरतने और लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई हुई. इससे पहले मंगलवार को एसीपी एन एन सिंह का भी तबादला हुआ था. एन एन सिंह पर कुछ भू



माफियाओं से अपने करीबी लोगों के नाम बेहद कम पैसे पर जमीन की रजिस्ट्री कराए जाने का आरोप लगा था.

**हत्याकांड के वक्त भारी पुलिस बल तैनात था**–धूमनगंज इलाके में 24 फरवरी को उमेश पाल और उनकी सुरक्षा में तैनात दो गनरों की सरेआम गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी और फिर 15 अप्रैल को शाहगंज इलाके में अतीक अहमद और अशरफ को जब पुलिस कस्टडी के भीतर कॉल्विन अस्पताल में मेडिकल चैकअप के लिए लाया जा रहा था तो तीन हत्यारों ने दोनों के सिर में गोली मार मौत के घाट उतार दिया. दोनों की नीचे गिरने के बाद भी हमलावर फायरिंग करते रहे थे. जिसके बाद पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया था. हत्याकांड के वक्त वहां भारी पुलिस बल तैनात था. इस मामले पुलिस की भूमिका को लेकर कई सवाल खड़े हो गए थे जिसके बाद पुलिस अधिकारियों पर गाज गिरना तय था.

### अब हिंद महासागर पर खराब हुई चीन की निगाह

**नई दिल्ली।** चीन की विस्तारवादी नीति हर दिन आक्रामक होती जा रही है. वह दुनिया के दूसरे देशों की भूमि पर कब्जा करने की मानसिकता के साथ काम कर रहा है, हाल ही में वह भारत की समुद्री सीमा पैठ बनाने के लिए भारत को उकसाने का काम कर रहा है. इसी क्रम में उसने हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक महत्व के 19 ठिकानों का नाम बदलने की घोषणा की है. बीते हफ्ते 13 अप्रैल को हिंद महासागर में 19 सी-बेड सुविधाओं के मैंडरिन नाम जारी करने के बाद, चीनी के रिसर्च करने वाले जहाज भारत की समुद्री से कुछ दूरी पर हिंद महासागर क्षेत्र में काम कर रहे हैं, इसके पीछे की वजह है, ताकि आने वाले दिनों में वह अपनी पनडुब्बी या सैन्य जहाजों को तैनात कर सकें.

## उत्तर भारत के राज्यों में गर्मी का कहर!

# यूपी में सबसे ज्यादा 44.2 डिग्री रहा पारा

**नई दिल्ली।** देश के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार (18 अप्रैल) को तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के कारण 'लू' की स्थिति बनी हुई है. आपको बता दें कि इस दौरान उत्तर प्रदेश के हमीरपुर और प्रयागराज में अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है. राष्ट्रीय राजधानी के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला में अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है . यह लगातार चौथा दिन है जब अधिकतम तापमान दिल्ली में 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है. पूसा और पीतमपुरा क्षेत्रों में 'लू' की स्थिति लगातार बनी रही, वहां अधिकतम तापमान क्रमश 41.6 डिग्री से 41.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि बुधवार( 19 अप्रैल) को बादल छाए रहने और हल्की बारिश से शहर में गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है. आईएमडी ने मौसम के



लेकर और जानकारी देते हुए कहा कि पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मंगलवार से उत्तर पश्चिमी मैदानी इलाकों में हल्की बारिश होने का अनुमान है. इस महीने की शुरुआत में मौसम विभाग कार्यालय ने उत्तर-पश्चिम और प्रायद्वीपीय क्षेत्रों को छोड़कर अप्रैल से जून तक देश के अधिकांश क्षेत्रों में पारा तेज रहने की संभावना व्यक्त की है. मौसम विभाग ने बिहार के पटना, बांका, जमुई, नवादा, औरंगाबाद, सुपौल और कई अन्य जिलों में मंगलवार से दो दिनों तक 'लू' चलने की चेतावनी के साथ 'नारंगी' अलर्ट जारी किया है. इसके अलावा विभाग के अनुसार राज्य के बेगूसराय, नालंदा, गया, अरवल, भोजपुर, रोहतास, बक्सर, खगड़िया और मुंगेर क्षेत्रों में भी 'येलो' अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग की ओर से 'मौसम की चेतावनी' के लिए चार रंग कोड - हरा (किसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं), पीला (देखें और सतर्क रहें), नारंगी (तैयार रहें) और लाल (कार्रवाई करें) का उपयोग करता है.

# छानबे उपचुनाव के लिए बीजेपी गठबंधन से उम्मीदवार का एलान

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में स्वार और छानबे विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है. इस सीट पर उपचुनाव के लिए बीजेपी गठबंधन से अपना दल एस का उम्मीदवार होगा. अपना दल एस ने छानबे विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए उम्मीदवार का एलान भी कर दिया है. इस सीट पर 20 अप्रैल तक नामांकन होगा.

अपना दल एस ने बीजेपी गठबंधन के ओर से छानबे विधानसभा सीट पर रिंकी कोल को अपना उम्मीदवार बनाया है. हालांकि उपचुनाव की दोनों सीटों पर अपना दल एस के ही उम्मीदवार होंगे. सूत्रों की मानें तो दोनों उम्मीदवारों का नामांकन अंतिम दिन यानी 20 अप्रैल को होगा. मिर्जापुर की छानबे सीट पर अपना दल एस ने दिवंगत विधायक राहुल




कोल की पत्नी रिंकी कोल को ही अपना उम्मीदवार बनाया है. रिंकी कोल 20 अप्रैल को नामांकन करेंगी, इसमें केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल भी शामिल हो सकती हैं. हालांकि पार्टी ने अभी तक स्वार सीट के लिए अपने उम्मीदवार का एलान नहीं किया जा रहा है. सूत्रों की मानें तो इस सीट पर उम्मीदवार का एलान बुधवार को हो सकता है. जिसके बाद 20 अप्रैल को ही नामांकन होगा. यहां अपना दल एस के उम्मीदवार के नामांकन में योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल मौजूद रह सकते हैं. दरअसल, छानबे विधानसभा सीट पर राहुल कोल का निधन होने की वजह से चुनाव हो रहा है. जबकि स्वार सीट पर आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम की सदस्यता जाने की वजह से उपचुनाव हो रहा है. गौरतलब है कि इन दोनों सीटों पर 13 अप्रैल से नामांकन हो रहा है. इन सीटों पर 20 अप्रैल तक नामांकन होगा. इसके बाद 21 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 24 अप्रैल तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे. इन दोनों सीटों पर उपचुनाव के लिए एक मई को वोटिंग होगी और जबकि 13 मई को वोटों की गिनती होगी.

# पिछोर मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण हेतु नवीन बीएलओ ऐप प्रशिक्षण संपन्न

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**पिछोर (शिवपुरी)›** विधानसभा क्षेत्र 26 पिछोर में कार्यरत सभी बीएलओ की एक बैठक नवीन बीएलओ एप एवं मतदाता शुद्धीकरण हेतु आज 19 अप्रैल को पिछोर अनुविभागीय कार्यालय में एसडीएम बृजेंद्र सिंह यादव एवं तहसीलदार शिवशंकरगुर्जर के द्वारा ली गईद्य बैठक के दौरान पिछोर अनुविभागीय अधिकारी बृजेंद्र सिंह यादव द्वारा बताया गया कि दिनांक 18 अप्रैल 2023 को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों के अनुसार आप समस्त बीएलओ को दिनांक 16 अप्रैल 2023 से 15 मई 2023 के मध्य विशेष अभियान चलाकर कार्य किया जाना है ।जिसमें मतदाता सूची का वाचन कराना, मृतक मतदाताओं के नाम चिन्हित कर नियम अनुसार काटने की कार्रवाई करना, मतदाताओं के उपनाम (सरनेम) जोड़ने को कार्रवाई करना, जिस मतदाता सूची में खराब फोटो लगे हुए हैं उसे चेंज कर सही फोटो मतदाता सूची में लगाया जाय, मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित कर तथा पूर्व में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार केंद्रों के प्रस्ताव तैयार करना, एएमएफ तथा ईएमएफ बीएलओ ऐप के माध्यम से अपडेट कराना है विधानसभा क्षेत्रों के सभी बीएलओ को नए बीएलओ वर्जन 2.0 लॉगइन कराना है यदि जिस मतदान केंद्रों पर निर्वाचन प्रतिशत कम रहा होगा ऐसी मतदान केंद्रों में आप लोगों को मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम करना है ।वही तहसीलदार शिवशंकर गुर्जर द्वारा समस्त बीएलओ को मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण करने के लिए निर्देश देते हुए कहा है कि आप लोग अपना कार्य गंभीरता के साथ ईमानदारी से करें ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी उत्पन्न ना हो सके इसके साथ साथ मतदाता सूची में जिन मतदाताओं के उपनाम प्रदर्शित हो रहे है,उनका सत्यापन किया जाए तथा जिन मतदाताओं के उपनाम प्रदर्शित नहीं है उनसे संपर्क कर प्रारूप 8 द्वारा सरनेम जुड़वाने की कार्यवाही करें ।आपके क्षेत्र में 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं का पंजीकरण पूर्णकिया जाए। मतदाता सूची में विधमान मृतक मतदाताओं के नाम हटाने के संबंध में आयोग के निर्देशानुसार कार्यबाही की जाय।कार्यक्रम के दौरान नीरज व्यास द्वारा नवीनबीएलओ ऐप के माध्यम से सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पिछोर नायब तहसीलदार रामनरेश आर्य, खनियाधाना तहसीलदार प्रमोद सिंह तोमर, एव3 निर्वाचन सुपरवाइजर हरिदास त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।




# सतनवाड़ा पुलिस द्वारा एक आरोपी को 315 बोर के कट्टे एवं एक जिंदा राउंड के साथ किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी -पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी थाना प्रभारी विशेष अभियान चलाते हुए अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी नजर रखते हुए शांति व्यवस्था को बनाए रखें, जिससे समाज में बदमाशों के डर को पूरी तरह से खत्म किया जा सके । इसी क्रम में अति. पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन मे कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी सतनवाड़ा उप निरीक्षक दिनेश नरवरिया एवं उनकी पुलिस टीम ने एक आरोपी को 315 बोर के लोडेड कट्टे के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

आज इलाका गश्त के दौरान थाना प्रभारी थाना सतनबाड़ा उनि. दिनेश सिंह नरवरिया मुखबिर द्वारा फोन पर सूचना दी कि एक व्यक्ति सतनवाड़ा मरघट के तालाब की पार के पास कट्टा लिए घूम रहा है और वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है । सूचना के तुरंत बाद ही उप निरीक्षक दिनेश नरवरिया वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेते हुए मौके पर पहुंचे, तो युवक ने भागने की कोशिश की जिसे पुलिस टीम द्वारा पकड़कर तलाशी ली गई तो उसके पास से 315 बोर का लोडेड देसी कट्टा मिला । साथ ही युवक से उसके नाम पते के विषय में पूछा गया। तो युवक ने अपना नाम अतुल परमार पुत्र जय सिंह परमार उम्र 19 साल निवासी काली माता मंदिर के पास सतनवाड़ा का होना बताया, सतनवाड़ा पुलिस के द्वारा युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 में कार्रवाई करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध किया गया । इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सतनवाड़ा उप निरीक्षक दिनेश नरवरिया , सउनि बजरंग सिंह जादौन , प्रआर निरंजन गुर्जर, प्रआर भगवान लाला, आर रामनिवास, आर राहुल बघेल की अहम ब सराहनीय भूमिका रही।



# पार्षदों की जबरन गिरफ्तारी का विरोध मुख्यमंत्री की नौटंकी से कोई मतलब नहीं: राजेश मूणत

## जनता की आवाज सुननी ही नही है तो भेंट मुलाकात का स्वांग क्यो, जयंती पटेल, पार्षदों की बलपूर्वक गिरफ्तारी भुपेश बघेल का डर उजागर करती है भेंट मुलाकात ढोंग है : मीनल चौबे

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**



**रायपुर।** पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट मुलाकात कार्यक्रम से ठीक पहले पार्षदों को पुलिस चौकी में बिठाए जाने को लेकर भाजपा द्वारा विरोध दर्ज कराया गया। पूर्व मंत्री राजेश मूणत की अगुवाई में कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा पार्षद भोलाराम साहू और दीपक जायसवाल को रामनगर चौकी में बिठाने पर क?ी आपत्ति दर्ज कराई भेंट मुलाकात कार्यक्रम स्थल के पास पहुँचे कार्यकर्ताओ ने जमकर नारेबाजी की और भेंट मुला?ात को नौटंकी बताया इस दौरान महिला पार्षद कामिनी देवांगन बेहोश भी हो गई । पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भेंट मुलाकात कार्यक्रम पूर्व नियोजित था। शासन प्रशासन पिछले 4 दिनों से इसकी तैयारी में जुटा हुआ था। भारतीय जनता पार्टी को इस आयोजन से कोई लेना देना ही नही था,किंतु अचानक बिना किसी कारण पश्चिम विधानसभा के 2 भाजपा पार्षद भोलाराम साहू जिनके वार्ड में मुख्यमंत्री का भेंट मुलाकात कार्यक्रम हुआ और पार्षद दीपक जयसवाल को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया, जो कि अलोकतांत्रिक है। निर्वचित जनप्रतिनिधि पार्षद दीपक जयसवाल को पुलिस ने पेट्रोलिंग गाड़ी में 2 घण्टे जबरन घुमाया गया औऱ पार्षद भोला साहू को गिरफ्तार कर राम नगर चौकी में बैठा दिया गया,जिसकी जितनी निंदा की जाय कम है। पार्टी के नेताओं ने बताया कि भाजपा पार्षदों पुलिस की बेवजह कार्रवाई की सूचना भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को मिली। जिसके बाद शहर जिला भाजपा और पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता हरकत में आ गए। विरोधस्वरूप मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम स्थल पर कार्यकर्ताओ का हुजूम इकट्ठा होने लगा। पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक राजेश मूणत ने मोर्चा संभाला की और पार्षदों की गिरफ्तारी को अलोकतांत्रिक करार दिया। मूणत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और चुने हुए जनप्रतिनिधियो को पुलिस द्वारा जबरन उठाने प्रक्रिया अपनाई गई है। मुख्यमंत्री का भेंट मुलाकात कार्यक्रम के संदर्भ में हम कोई विरोध नही कर रहे थे और ना ही विरोध की कोई योजना थी, किंतु हम मुख्यमंत्री से पूछना चाहते है कि आपने विगत साढ़े चार वर्ष में यदि कोई काम किया है, तो जनता के सामने रखिए जनता सब जानती है। भेंट मुलाकात का मतलब से जनता की समस्या सुनना है,लेकिन यहां उल्टा तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जनप्रतिनिधियों स्थानीय पार्षदों के माध्यम से जन समस्याओं को सुनने के स्थान और गिरफ्तार कर लिया गया। पार्षद चुना हुआ जनप्रतिनिधि , वार्ड क्षेत्र का नेतृत्व कर्ता होता है। अपने क्षेत्र की जनता की मूल समस्यायों को मुख्यमंत्री के सामने रखना उसका लोकतांत्रिक अधिकार है, मगर भुपेश बघेल और कांग्रेस तो जैसे लोकतंत्र को तिलांजलि देकर सरकार चला रहे हैं। मूणत ने कहा कि भेंट मुलाकात के नाम पर केवल कोरी नौटंकी की जा रही है, जिसकी तीन दिन तक रिहर्सल की जाती है। कौन सवाल करेगा। क्या सवाल करेगा। यह भी पूर्व नियोजित होता है , लेकिन गाहे बगाहे जब कोई इस रिहर्सल के बाहर का व्यक्ति आकर असल समस्यायों से संबंधित कोई सवाल पूछता है, तो मुख्यमंत्री और कांग्रेसियों को नागवारा होता है। पहले भी भेंट मुलाकात में माइक छीनने , लड़की चुप बैठ नेतागिरी मत कर जैसे बहुत से वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से पहले भी हमने देखा है, अब मुख्यमंत्री डरे हुए है कि कहीं कोई जन समस्याओ से जु? असल मुद्दे ना उठा दे। जनता से जुड़ सवाल ना पूछ लें और शायद इसी डर की वजह से लोकतांत्रिक देश मे लोकतंत्र को दर किनार करके तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है । जिला अध्यक्ष जयंती पटेल भी कार्यक्रम स्थल पहुँचे थे उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का भेंट मुलकात प्रदेश की जनता की आवाज सुनने के लिए है या कांग्रेसीयो की आवाज सुनने के लिए शासन के आदेश पर पार्षदों की जबरन गिरफ्तारी से तो ऐसा ही प्रतीत होता है कि मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात एक स्वांग मात्र है और पूरा आयोजन स्क्रिप्टेड है जिसमे केवल कॉंग्रेस कार्यकर्ता रूपी कलाकारों को अभिनय की अनुमती है जनता या जनप्रतिनिधि केवल दर्शक मात्र है उन्हें तो प्रतिक्रिया तक देने की अनुमति नही । निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे काफी रुष्ठ नजर आई उन्होंने कहा कि पहली बार देखने को मिल रहा है कि निमंत्रण देकर नजरबंद किया जाता है प्रतिबंधित भी किया जाता है निमंत्रण होने के बावजूद मुझे और मेरे साथी पार्षदों को केवल इसलिए रोका गया कि हम मुख्य विपक्षी दल के कार्यकर्ता हैं और जनता की मूल समस्यायों को सार्वजनिक मंच से मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे और ऐसा करने से इस निकम्मी सरकार की कलई जनता के सामने खुल जाएगी साथी पार्षदों की बलपूर्वक गिरफ्तारी बताती है कि भुपेश बघेल बुरी तरह डरें हुए हैं और भेंट मुलाकात कार्यक्रम कॉंग्रेस का ढोंग मात्र है ।

# दिव्यांग दिनेश को प्रदाय की ट्रायसाइकिल

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**




**शिवपुरी**-अमर शहीद तात्या टोपे बलिदान दिवस के अवसर पर शहीद मेला में कार्यक्रम स्थल पर भ्रमण करने आए दिव्यांग दिनेश प्रजापति को मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा ट्रायसाईकिल प्रदाय की गई। दिव्यांग का शिवपुरी में मेला भ्रमण सार्थक रहा। दिव्यांग दिनेश का शिवपुरी आना सार्थक रहा। वह यहां से वापस अपने घर ट्राईसाईकिल के साथ पहुंचे। तहसील बैराड़ के ग्राम कालामड़ निवासी दिव्यांग दिनेश प्रजापति आज शिवपुरी में आयोजित अमर शहीद तात्याप टोपे बलिदान दिवस मेला स्थल पर भ्रमण करते हुये आये। उसकी आवश्यतकता को देखते हुये सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक महेन्द्र कुमार जैन ने उसका परीक्षण कराया और तत्काल दिनेश को ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की। दिव्यांग दिनेश को आज ही ट्राईसाईकिल मिली। समय पर अपने निवास बैराड़ के लिये रवाना होते हुये दिनेश को बहुत खुशी हुई।

# छत्तीसगढ़ में अखिल भारतीय वाक श्रवण संस्थान खोलने, बृजमोहन ने लिखा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया को पत्र

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

**रायपुर।** पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ में अखिल भारतीय वाक श्रवण संस्थान की स्थापना करके का आग्रह किया हैं। अपने पत्र में बृजमोहन ने कहा कि छत्तीसगढ़, देश की सबसे तेजी से विकसित होने वाले राज्यों में से एक है। यहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापार के उद्देश्य से प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों यथा विदर्भ महाराष्ट्, तेलंगाना, उडिसा, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड से हजारों लोगों का आवागमन निरंतर होता रहता है। आज भी राज्य की 75 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करतें है। एक बड़ी आबादी को शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए जूझना पड़ता है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मूक, बाधिर बच्चों के पुनर्वास एवं सामान्य बच्चों के साथ पढ़ाई लिखाई कर पाने योग्य क्षमता सम्पन्न बनाने हेतु छत्तीसगढ़ में अखिल भारतीय वाक श्रवण संस्थान की स्थापना अति आवश्यकता है। इस संस्थान की स्थापना से ईलाज के साथ साथ डिग्री कोर्स भी संचालित किया जा सकेगा।

# पूर्व NSUI ब्लॉक अध्यक्ष महेश नागेश बने जिला महासचिव

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद। एनएसयूआई छत्तीसगढ़ प्रभारी विशाल चौधरी,प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के अनुमोदन एवं गरियाबंद जिला प्रभारी आदित्य बिसेन,व जिला अध्यक्ष रितेश दीक्षित के अनुसंशा पर एनएसयूआई गरियाबंद जिला कार्यकारणी का सूची जारी किया गया हैं।जिसमे अनुराग चंद्राकर,अनीश मेमन,चंद्रशेखर नागेश को एनएसयूआई गरियाबंद का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया साथ ही जिला महासचिव के रूप में देवभाग के पूर्व एनएसयूआई अध्यक्ष को महेश नागेश को जिला महासचिव का दायित्व सौंपा गया है। उनके नियुक्ति पर स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्त्ता व पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दिया। हस्द्ध पूर्व जिला संयोजक छायासंत बीसी ने कहाद्ध हमारे लिए बहुत गर्व की बात है उतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई देवभोग के हस्द्ध कार्यकर्ताओं एवं युवाओं में हर्ष का विषय बन गया है एनएसयूआई के जिला महासचिव बनाए जाने पर विधानसभा अध्यक्ष धर्मेंद्र बघेल प्रेम नागेश,छायासंत बीसी, तिरन नायक, विवेक अग्रवाल, प्रेम नायक चितरजन माझी, ऋषिकेश बीसी, पंकज बीसी श्रेलेश नायक, टुनू राम नागेश, देवेंद्र बीसी, रूकचंद नागेश, केशबो नायक, शंकर नागेश, मुकेश बीसी, खिरोज बघेल, ऋतिक हरपाल ,गुलाब, हुकमत नागेश, समेत कई कार्यकर्ताओ ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से बधाई दिया।

# भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ मां बिजासेन मंदिर से छत्रसाल स्टेडियम पिछोर में

**जगदीश पाल रिपोटर खनियाधाना**

पिछोर। विधानसभा क्षेत्र में बड़े ही हर्ष की बात है कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका प. पु. जया किशोरी के मुखारविंद से कथा सुनाई जाएगी आज मां बिजासन मंदिर पिछोर से भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ हजारों की तादाद में महिला एवं पुरुष भव्य कलश यात्रा में सम्मिलित हुए और भव्य कलश यात्रा मां बिजासेन मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया नगर परिषद पिछोर की प्रमुख मार्गो से होते हुए भव्य कलश यात्रा छत्रसाल स्टेडियम पिछोर पंडाल पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा मां की आरती स्तुति कर प्रार्थना की अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित जया किशोरी के माध्यम से यह कथा भक्तों को सुनाई जाएगी मुख्य यजमान रूप सिंह परिहार द्वारा यह कथा का आयोजन नगर परिषद पिछोर छत्रसाल स्टेडियम में किया जा रहा है दिनांक 19 अप्रैल 2023 से 27 अप्रैल 2023 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा भव्य कलश यात्रा में 1100 कलश रखे गय जिसमें समस्त क्षेत्र आमंत्रित किया गया है एवं क्षेत्र भर में बड़े अपार खुशी छाई हुई है।



# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा सरकार को दिया गया अल्टीमेटम जल्द से जल्द नियमितीकरण करें अन्यथा भूख हड़ताल पर बैठने के लिए तैयार

## सभी कर्मचारी बैठेंगे भूख हड़ताल पर नहीं चलेगा कोई कामकाज

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-संविदा कर्मचारियों द्वारा लगातार अपनी विधिसम्मत मांगों को लेकर लगातार शासन के सम्मुख रखा जा रहा है लेकिन इसका कोई भी निष्कर्ष नहीं निकल पा रहा है। जिसको लेकर 32000 संविदा कर्मचारियों के परिवारों पर भारी असंतोष और रोष व्याप्त हैं इसी संबंध में एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारियो 2018 से 2022 तक कई बार जनविरोध प्रदर्शन, आंदोलन, हड़ताल, ओर ज्ञापन दिए गए जिसके बाद शासन द्वारा एक माह का आश्वाशन दिया गया था लेकिन आज दिनांक तक किसी प्रकार की कोई संतोषजनक कार्यवाही नही की गई हुई आज भी 90 प्रतिशत नीति की फाइल वित्त विभाग में लंवित हैं जिसपर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संविदा कर्मचारियों के लिए 5/6/2018 की नीति प्रदेश के सभी विभागों में सामान्य प्रशासन विभाग के नोटिफिकेशन क्रमांक सी-5/2018/1/3 दिनांक 5/6/2018 द्वारा लागू की गई तो इसका लाभ प्रदेश के 32000 एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं उनके परिवारो को



क्यों नहीं मिल रहा यह प्रशासन की संवेदनहीनता को प्रदर्शित करता है इसको लेकर प्रदेश 32000 परिवारो जिनकी जनसंख्या लगभग 150000 के आसपास हैं जिनके सामने जीवन मरण का प्रश्न उपस्थित हो गया है। यदि सरकार द्वारा अभी भी संविदा कर्मचारियों की मांगों को नही माना गया तो समस्त संविदा कर्मचारियों द्वारा भूख हड़ताल एवं पूरे प्रदेश के सभी गाओ से रैली निकली जाएगी। मांगे पूरी नहीं होने की परिस्थिति में दिनांक 20/04/2023 से अनिश्चय कालीन हड़ताल की जावेगी जिसकी सूचना पूरे प्रदेश में पत्र के माध्यम से प्रेषित की जायेगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी एवं कर्मचारियों को नियमित किया जाए। जब तक नियमितिकरण नहीं हो पाता है तब तक शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पारित की गई नीति तत्काल प्रभाव से लागू की जाए एवं सीएमएचओ को स्क्राक्क के तहत नियमित किया जाए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से हटाकर आउट सोर्स प्रथा में किए गए सपोर्ट स्टाफ कर्मचारियों को पुन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में किया जाए अथवा विभाग में रिक पदों पर समायोजन किया जाए एवं निष्कासित कर्मचारियों को शत प्रतिशत वापस लिया जाए। अन्यथा की स्थिति में सभी कामकाज बंद कर दिए जाएंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी

परिवर्तन विरासत की तर्ज पर पाटन संग्रहालय में विश्व विरासत दिवस की पहल पर

# शहर के प्रबुद्ध नागरिकों की एक बैठक आयोजित की गई

नील कुमार - पुष्पांजली टुडे

**पाटन/गुजरात।** 18 अप्रैल को यूनेस्कोने विश्व.विरासत दिन घोषित किया है तब उत्तर गुजरात के ऐतिहासिक शहर गुजरातकी प्राचीन राजधानी पाटन में खेल और युवा सांस्कृतिक गतिविधियों विभाग, गांधीनगर पुरातत्व और संग्रहालय लेखा, गुजरात राज्य द्वारा संचालित पाटन संग्रहालय, पाटन के ऐतिहासिक क्षेत्र में रुचि रखने वाले पाटन के विभिन्न ऐतिहासिक संस्थानों और प्रबुद्ध शहरी जनो की बैठक का आयोजन किया गया था जीसमे पाटन की विरासत और ऐतिहासिक मामलों के जानकार विशेषज्ञो ने शिरकत की। विश्व विरासत दिवस 2023 परिवर्तन विरासत के विषय पर आयोजित किया जा रहा है, पाटन के विशेषज्ञों ने पाटन की बदलती विरासत पर चर्चा की है।

जिसमें पाटन के जैन अभिलेखागार में बहुमूल्य पांडुलिपियां, 14वीं व 15वीं शताब्दी के दुर्लभ ग्रंथ आयुर्वेद के लगभग 2500 सर्वथा दुर्गम ग्रन्थों का संग्रह मौजुद है जीस के बारेमे जैन अग्रणी श्री. यतिनभाई शाह ने बहुत अच्छी जानकारी दी। भारत के प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य बाबा रामदेव, पतंजलि आश्रम ने स्वयं आयुर्वेद ग्रंथों का सत्यापन किया और कहा कि इन अप्राप्य ग्रंथों के अध्ययन काफी अर्थपुर्ण है जीस के चलते पतंजलि योग आश्रम से सात से आठ आयुर्वेदाचार्यो का दल प्रतिवर्ष अध्ययन करने हेमचंद्राचार्य ज्ञानमंदिरमे आता है। यतीनभाईने हजारों वर्षों से चली आ रही इस अनमोल ज्ञान धरोहर को संवर्धन संरक्षित करने के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीकों की जानकारी देकर उपस्थित सभी विशेषज्ञों को चकित कर दिया। और वास्तव में बिखरने वाली विरासत और बदलती विरासत का अर्थ के बारे मे सभी को अवगत कराया। साथ ही पाटन के मिट्टी के खिलौनों की दम तोड़ती कला के बारे में श्री. जितेंद्रभाई ओतीया ने व्यक्तिगत रूप से वैज्ञानिक तरीके से तैयार



किये गये मिट्टी के खिलौनों का प्रदर्शन किया। इस प्रकार बदलती विरासत पर व्यापक चर्चा के माध्यम से इस विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए थे। पाटन शहर के वरिष्ठ इतिहासकार श्री अशोकभाई व्यास, जो विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित थे, उन्होने पाटन की प्राचीन विरासत और सिद्धराज जय सिंह की स्मृति में एकमात्र शिलालेख कीर्तिस्तंभ के बारे में बताया, जो आज भी पाटन के विजल कुंआ विस्तार के एक शिव मंदिर की दीवार पर है। पाटन के प्रबुद्ध नागरिक शैलेशभाई ब्रह्मक्षत्री ने पाटन की सफलता की कहानी सुनाई और फिर से पाटनमे कीर्ति स्तंभ को खड़ा किया जाना चाहिए और पाटन की महिमा करने वाली झांकियां जो की आज बगवाड़ा दरवाजा विस्तार में, शहर के आनंद सरोवर में और पुराने सरकारी विश्राम गृह के पास लगाई गई है वो आज जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है। उन झांकियो के जीर्णोद्धार की आवश्यकता है। कार्यक्रम के आयोजक एवं प्रशासक डॉ. आशुतोष पाठक ने विश्व विरासत स्थल रानी की वाव पर जलवायु के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की और क्षतिग्रस्त वाव वास्तुकला की तस्वीरों के साथ उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। रोपण मूर्तियों को धूप और वर्षा के पानी से बचाने के लिए उपयुक्त गुंबदों के साथ परिसर को मिट्टी की नमी के प्रभाव से कैसे रोकें और कवर करें, ये समझाया। और यह विशेष रूप से बताया कि पाटन के रानी की वाव और पाटन क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र में वर्ष के दौरान जब छह से सात लाख पर्यटक आते हैं, तो इन पर्यटकों का लाभ पाटन के किसी कला पेशे, व्यवसाय उद्योग या हस्तकला उद्योग को नहीं होता है। उन्होने अनुरोध किया कि पाटन जिला क्षेत्र के हस्तकला कारिगरो, शिल्पकारों, कुशल शिल्पियों के लिए कालिका माता के प्राचीन मंदिर के.विस्तार में एक ग्राम हाट बनाना चाहिए जो कि विस्तार का एक समृद्ध पर्यटन का धन पूल बन सकता है। पूरे कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशेषज्ञों ने अपनी राय दी और नगर सेवक मनोज पटेल और पाटण नगरपालीका के स्वच्छता शाखा के अध्यक्ष गोपालसिंह राजपूत ने इन सभी मामलों का समन्वय किया और डॉ. आशुतोष पाठक को एक दस्तावेज तैयार करने और सभी मामलों को संबंधित सरकारी विभागों तक पहुंचाने के लिए कहा. चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री महासुखभाई मोदिने पूरे कार्यक्रम के आयोजन एवं संचालन के लिए डॉ. आशुतोष पाठक एवं पाटन संग्रहालय के कार्यकारी सहायक क्यूरेटर मेडम तेजलबेन परमारका आभार व्यक्त किया



## एनएस यूआई जिला सहसचिव बने केशव सिन्हा

संवाददाता हेमचंद नागेश

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मान. श्री नीरज कुंदन जी छतीसगढ़ प्रभारी श्री विशाल चौधरी जी जिला प्रभारी श्री आदित्य बिसेन जी जिला अध्यक्ष रितेश दीक्षित जी व केशु सिन्हा युवा कांग्रेस गरियाबंद के अनुशंसा पर देवभोग के छात्र नेता केशव सिन्हा को जिला सहसचिव के पद पर नियुक्ति किया गया,जिला में पद देने पर क्षेत्र के सभी युवा छात्र नेता और युवा कांग्रेस नेताओ ने खुशी जाहिर की हैं। युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष उमेश डोंगरे ने कहा इस क्षेत्र के युवाओं को राजनीति के क्षेत्र में अवसर देने की पहल जो की गई हैं निश्चित ही उसका फायदा आने वाले विधानसभा लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। आज केशव सिन्हा जी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया बधाई देने वालो में जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस उमेश डोंगरे, किसान कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष आशीष पांडे, दुर्गेश मरकाम, पुष्पेंद्र साहू, खिलेंद्र दुर्गा, देवेंद्र बीसी, प्रियांशु नेताम, जयप्रकाश तिवारी, राहुल तिवारी, आभाष अवस्थी, मोहम्मद तोहिंम, भूपेश बघेल, योगेंद्र बघेल, रमाकांत दौरा, दिव्यकांत दौरा, ओंकार पात्र, निशु बघेल,पुनीत नेताम, भरत सिन्हा, प्रेम यादव, त्रिलोचन बीसी, शेषनारायण यादव,अमन साहू, ऋतिक राजपूत, अनिल बेसरा, प्रमोद बेसरा, भीष्म विभार, जीत कश्यप, नोहर बीसी आदि सभी साथियों ने खुशी जाहिर की हैं।

## जबेरा विधायक धर्मेन्द्र लोधी ने ली समीक्षा बैठक



पुष्पांजलि टुडे

दमोह। जबेरा विधानसभा जनपद तेंदूखेड़ा में विभागों से संबंधित समस्त अधिकारी जल विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, सहित समस्त विभागों की समन्वय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अध्यक्षता कर रहे जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी सर्वप्रथम ग्राम पंचायत स्तर के रोजगार सहायक सचिव सरपंच से लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत भरे जा रहे फार्म की जानकारी प्राप्त की एवं निर्देशित किया कि हर पंचायत स्तर पर सभी बहनों के फॉर्म समय सीमा के रहते पूर्ण कर लिए जाएं। जबेरा विधायक ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है किसी भी प्रकार से लोगों को पानी की समस्या ना हो, सभी अधिकारियों से बात करते हुए जबेरा विधायक ने सभी से सुझाव एवं निराकरण प्राप्त किए। उन्होंने कहा आप सभी के सहयोग क्षेत्र में पात्र हितग्राहियों को उचित लाभ मिल सकेगा। इस दौरान जनपद तेंदूखेड़ा सीईओ मनीष बागरी, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, सत्येंद्र सिंह, गोविंद यादव, सचिन जैन, लक्ष्मीकांत नामदेव, चेतन जैन, राजीव जैन, सरकारी अधिकारियों की मौजूदगी रही।

# 10 वर्षों से धर्मेंद्र 5 वर्षों से धनुष दोनों भाई मानसिक रोग से ग्रसित

### शासन-प्रशासन की आंखों में बंधी पट्टी

संवाददाता हेमचंद नागेश

छुरा। गरियाबंद जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र छुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से 10 किलोमीटर दूरी ग्राम पंचायत मडेली जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होने के बाद भी मडेली के नयापारा में जीवन यापन कर रहे पीड़ित गरीब असहाय दयनीय स्थिति की जीवन जी रहे हैं। आदिवासी परिवार जिनकी सुध लेने नहीं पहुंच रहे हैं स्वास्थ्य विभाग ना ही शासन-प्रशासन जानकारी होते ही गरियाबंद जिले के इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी संरक्षक सदस्य समाजसेवी मनोज पटेल गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात किए। 3 वर्षों से बीमार बुजुर्ग हीरऊ राम ध्रुव ने आप बीती बताते हुए कहा मैं खुद परेशान हूं और मेरा बेटा धर्मेंद्र हुमन दोनो मानसिक रूप से कमजोर बीमार है। घर की स्थिति काफी दयनीय व टूटने की स्थिति में है। रोटी कपड़ा मकान के लिए तरस रहे हैं। रूपाबाई ने बताया हमारा 10 वर्ष



का बेटा लक्ष्य कक्षा तीसरी में पढ़ाई कर रहे हैं जिनके लिए कॉपी किताब कलम कपड़े लेने तक पैसे नहीं फिर भी अपने परिवार के सभी सदस्यों को जिंदा रख रही है अगर मुझे मेरे भाइयों द्वारा सहयोग नहीं मिल पाता तो मैं अपने परिवार शायद ही चला पाती क्योंकि शासन प्रशासन की नजर हम जैसे परिवार की ओर नहीं पढ़ रहा हम जैसे पीड़ितों पर नहीं पड़ रही है साथ ही60 वर्षीय बुजुर्ग हीराऊ मेरा एक बेटा धर्मेंद्र जिनका दिमागकी हालत खराब होने से बहू ने भी उनका साथ छोड़ चले गई दूसरा बेटा धनुष उनकी पत्नी अपने मेहनत से अपने और पति साथ ही बच्चे की देखभाल परवरिश कर रही है सरकार विशेष कमजोर परिवार की श्रेणी में आने वाले परिवारों की मदद करने का झूठा दावा करते रहे हैं।बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की बड़ी-बड़ी दावे कागजों में ही नजर आता है क्योंकि हमारे परिवार की श्रेणी अति गरीब होने के बाद भी बदहाल जिंदगी जीने मजबूर है। हम आदिवासियों के साथ सरकार मदद करने का दिखावा बस कर रहे है। हम बाप बेटे की स्थिति इस हद तक खराब है कि कई बार आत्महत्या करने का मन बनने लगा है। वही इस परिवार को तत्काल मदद दिलाने समाजसेवी मनोज पटेल केंद्र व राज्य सरकार से गुहार लगाएं।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा दमोह की थोक किराना दुकानों का किया औचक निरीक्षण

पुष्पांजलि टुडे

दमोह। कलेक्टर मयंक अग्रवाल के द्वारा दिये गये निर्देशो के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने दमोह शहर में थोक किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यवाही में दमोह शहर मे बकौली चौक के पास स्थित मेसर्स मनमोहन लाल नन्नाई लाल किराना मर्चेंट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में दुकान से रूहअफजा शर्बत एवं वंडर ब्रांड जल जीरा मसाला पाउडर के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन खाद्य पदार्थों के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान दुकान में खाद्य लाइसेंस की प्रति परिसर में लगी हुई पाई गई। मौके पर परिसर में संग्रहित सत्तू, दाल, मसाले चावल, साबूदाना आदि की गुणवत्ता की जांच मैजिक बॉक्स की सहायता से की गई है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।



## फेडरेशन ऑफ मेडिकल× सेल्स रिप्रेजेंटटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया के स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर डायमंड जुबली कार्यक्रम आयोजित किया गया

पुष्पांजलि टुडे

**दमोह।** FMRAI स्थापना अप्रैल 1963 को मेडिकल रिप्रेजेंटटेटिव के अधिकारों के लिए कि गई थी पूरे देश के हर राज्य इकाई और जिला इकाई मिलकर मेडिकल रिप्रेजेंटटेटिव के अधिकारों कि लड़ाई लड़ रहे है स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर झंडा ( जत्था ) दमोह मे आज 18 अप्रैल मंगलवार को पहुंचा।जत्था का स्वागत मध्यप्रदेश मेडिकल × सेल्स रिप्रेजेंटटेटिव यूनियन दमोह के अध्यक्ष कॉम, ऋषि तिवारी उपाध्यक्ष कॉम पंकज सेन ने किया जत्थे को राज्य इकाई के उपाध्यक्ष कॉम, सचिन तलरेजा सागर यूनिट उपाध्यक्ष कॉम, सुनील जैन कॉम, दिनेश पटैल के द्वारा लाया गया जत्थे के स्वागत के बाद वाहन रैली निकाली गई जो दमोह



के मुख्य मार्गो से होती हुई स्थानीय दमोह कार्यलय में समापन हुआ कार्यक्रम को दमोह अध्यक्ष कॉम, ऋषि तिवारी ने सम्बोदित करते हुए आज के समय में सरकारों के द्वारा मजदूरों का शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने का आव्हान किया यूनियन सचिव कॉम, साहिब खान के द्वारा स्बचाने और सविंधान सम्मत कानून को लागू करने की वकालत की यूनियन उपाध्यक्ष कॉम, पंकज सेन कोषाध्यक्ष कॉम, वेंकटेश शर्मा ने भी सभा को सम्बोधित किया सहसचिव कॉम सौरभ खरे कार्यकारिणी सदस्य कॉम दीपक जैन रहीम खान शिवम् तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये कार्यक्रम में आशीष पौराणिक किशोर असाटी सफीक खान सुरेंद्र रेक्रवार राजीव असाटी भरतेन्द्र प्यासी चन्दन ताम्रकार संजय कुर्मी संजीव जैन पारस जैन प्रमोद कुर्मी तरुण गर्ग आदि समस्त सदस्यों की उपस्थिति रही कार्यक्रम के समापन के अवसर पर सफल आयोजन हेतु समस्त सदस्यों का आभार यूनियन सचिव कॉम साहिब खान ने किया।

## कार्यकर्ता ही कांग्रेस संगठन की बुनियाद है: कमलनाथ

पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड
पुष्पांजली टुडे



भोपाल । मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि हम सभी का प्रथम पद और दायित्व कांग्रेस के बुनियादी कार्यकर्ता के रूप में ही है। श्री कमलनाथ ने कहा कि चुनावी समर का प्रथम योद्धा बूथ पर कार्य करने वाला कार्यकर्ता ही होता है। हम सभी बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं के महत्व और प्रभावी भूमिका को स्वीकार करते हैं। श्री कमलनाथ ने कहा कि बूथ कमेटी की इकाई को और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं उसके महत्व को प्रतिपादित करते हुए यह निर्णय लिया गया है कि मध्यप्रदेश में गठित प्रत्येक बूथ कमेटी में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय स्तर से लेकर जिला स्तर तक के प्रत्येक पदाधिकारी जिस बूथ के वह निवासी एवं मतदाता है, वे सभी अपने बूथ की कमेटी के मेम्बर के रूप में सम्मिलित किये जायें। श्री कमलनाथ ने कहा कि मेरा यह विश्वास है,कि वरिष्ठ नेतागण एवं पदाधिकारीगण जब अपनी - अपनी बूथ कमेटी के सदस्य बनेंगे तो बूथ कमेटी की गंभीरता एवं महत्ता प्रतिपादित होगी और इसका सकारात्मक उत्साहजनक असर मध्यप्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की विजय के रूप में अवश्य दिखाई देगा। श्री कमलनाथ ने कहा कि सभी जिलाध्यक्षों से अपेक्षा की जाती है, कि जिले की समस्त विधानसभाओं की बूथ कमेटी में उक्त क्षेत्र में निवासरत कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय स्तर से लेकर जिला स्तर तक के पदाधिकारियों के नाम समाविष्ट कर बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे।

## प्रदेश का मतदाता सरकार परिवर्तन करने को तैयार है : डॉ. गोविंद सिंह

पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड
पुष्पांजली टुडे



भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश का मतदाता परिवर्तन चाह रहा है, प्रदेश की जनता वर्तमान की भारतीय जनता पार्टी की सरकार को प्रदेश से हटाने के लिए पूरी तरह से मन बना चुकी है। नेता प्रतिपक्ष डॉ सिंह ने कहा कि आज प्रदेश में हालात बद से बद्तर हो चुके हैं, कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज बची नहीं,हर जगह अपराध बड़े है। प्रदेश में रोजगार है नहीं, मंहगाई बड़ती जा रही है। भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान केवल घोषणाएं करने में व्यस्त है,उक्त घोषणाओं का धरातल पर वास्तिवकता में कोई काम दिख नहीं रहा है। प्रदेश के हालात क्या है,भाजपा सरकार और इसके नेताओं को इससे कोई मतलब नहीं है । भाजपा के राज्य में सभी विभागों में भृष्टाचार बड़ा है, सच की आवाज उठाने पर भाजपा सरकार सच्चाई की लड़ाई लड़ने वाले उस सच्चे व्यक्ति पर पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमे दर्ज करवा दिये जाते है। प्रदेश में चारों तरफ बुरी स्थिति हो चुकी है, लेकिन अब प्रदेश का मतदाता पूरी तरह से जागरूक हो चुका है और पूरी तरह से भाजपा को हटाकर विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस की बहुमत से सरकार बनाने के लिए पूरा मन बना चुका है, विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनना तय है।

## आज मौ मंडल में कामकाजी बैठक हुई संपन्न

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ. बेताल सिंह गौड़



आज मौ मंडल में कामकाजी बैठक रखी गई जिसमें आगामी आने वाले चुनाव में भाजपा को किस प्रकार विजय दिलाई जाए इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर मजबूत होकर कार्य करना होगा यह बात मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रशेखर झा जी विस्तारक चंबल एवं ग्वालियर संभाग जी ने कही इस बीच मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रशेखर झा जी विस्तारक चंबल एवं ग्वालियर संभाग, विधानसभा प्रभारी रामबाबू उपाध्याय जी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुवीर पवैया जी, मंडल अध्यक्ष गोपाल कुशवाहा जी, जिला मंत्री फरेंद्र सिकरवार जी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामअवतार गुर्जर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राम यादव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पर्वत जादौन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुराज गुर्जर, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष अजमद खान, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष धोरी यादव, सुरेश छारी जी, रामकुमार जादौन, महामंत्री डॉ. कप्तान कुशवाह, मंत्री सुनील गोयल, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राणा, मीडिया प्रभारी सोमवीर शिवहरे, जनपद सदस्य हनुमंत सिंह, महामंत्री आगम जैन, सतीश परिहार, नीतू यादव, गिर्राज यादव आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## लहार में भाजपा नेता द्वारा प्रशासनिक अमले पर किये गए हमले को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड, पुष्पांजली टुडे



भोपाल/लहार । विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर मांग की है, कि दिनांक 19 अप्रैल 2023 को नगरपालिका लहार द्वारा नगर के निवासी मोहन झा द्वारा सड़क पर किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही तहसीलदार लहार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी लहार की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाओं अमले द्वारा की जा रही थी, डॉ सिंह ने बताया कि तभी भारतीय जनता पाटी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अम्बरीश शर्मा उर्फ गुड्डू शर्मा बंदूक लेकर अपने साथियों के साथ पहुंचे और अतिक्रमण हटाने में बाधा डालकर विवाद करते हुए तहसीलदार लहार की गाड़ी को तोड़ दिया तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी लहार के साथ लाठियों से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया व स्थानीय समाचार चैनलों पर भी वायरल हुआ है। जिसमें अम्बरीश शर्मा बंदूक लहराते हुए अपने साथियों के साथ मारपीट एवं धमकी देते हुए दिखाई दे रहे है। डॉ सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है,कि शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी के साथ मारपीट करने वाले अपराधियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने के आदेश देने की मांग करता हूं ।

# हाइड्रोजन मिशन से पर्यावरण लक्ष्य पाने की व्यवहार्यता

केंद्रीय सरकार द्वारा गत जनवरी में अपनाया गया नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन एक प्रमुख नीतिगत पहल है, और इसे भारतीय राजनीति की कमी ही कहेंगे कि इस नीति पर जितनी सार्वजनिक बहस की जानी बनती थी, वह नहीं हो पायी। इस पहल पर, भारत की विपक्षी पार्टियों के आलोचनात्मक मूल्यांकन की अनुपस्थिति, जिसका भारत के प्रगति पथ पर काफी असर हो सकता है, हैरानीजनक ।

सरकार उन कंपनियों को सब्सिडी देने की पेशकश कर रही है जो हाइड्रोजन हब स्थापित करेंगी, लेकिन यह काम किस तरह से पर्यावरण नीति और सामाजिक न्याय ध्येय के अनुरूप है, इसकी व्याख्या होना बाकी है। हाइड्रोजन मिशन के मुताबिक, बड़ी कंपनियां जैसे कि रिलायंस और इंडियन ऑयल को इस मद में रखे गए 20000 करोड़ का फंड पाने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इलेक्ट्रॉलाइज़र बनाने के लिए पैसा अलग से रखा गया है, जो कि ग्रीन हाइड्रोजन बनाने के लिए जरूरी है, फिर खाद एवं स्टील उत्पादकों को इन्हें खरीदने के लिए सब्सिडी का प्रावधान है।




लेकिन जिस अति उत्साह और जोर-शोर से हाइड्रोजन मिशन का ऐलान किया गया है, वह गैर-वाजिब उम्मीदें बढ़ाता है। दरअसल, विदेश मंत्रालय का हालिया दावा कि भविष्य में ग्रीन हाइड्रोजन हमारी ऊर्जा जरूरतों का मुख्य स्रोत रहेगी, शायद ही कभी फलीभूत हो पाए। यदि सरकार 10 मिलियन टन ग्रीन हाइड्रोजन प्रति वर्ष बनाने का ध्येय पूरा कर भी ले, तो भी यह कोयले से प्राप्त ऊर्जा का 15वां हिस्सा भर होगा। सरकारी फाइलों में सरपट दौड़ रहे इस विचार कि भारत हाइड्रोजन का मुख्य निर्यातक भी बन जाएगा, पर भी संशय है। यदि खाद निर्माण और तेल रिफाइनरी में प्रयुक्त मौजूदा ग्रे हाइड्रोजन को हरित हाइड्रोजन से बदलना है तो भारत को हर साल 60 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन की जरूरत पड़ेगी। ग्रे-हाइड्रोज का उपयोग बंद करना एक प्राथमिकता है, यह वैश्विक तापमान बढ़ोतरी में दुःस्वप्न की तरह है क्योंकि प्रत्येक उत्पादित ग्रे-हाइड्रोजन के पीछे 10-18 टन कार्बन डाइऑक्साइड वातावरण में घुलती है। हाइड्रोजन निर्यातक बनने का सपना पालने से पहले, भारत को यह भी आकलन करना होगा कि क्या प्रतिवर्ष 16 करोड़ टन कोयले के उपयोग और 30 बिलियन क्यूबिक मीटर आयातित गैस के विकल्प लायक मात्रा बनाना संभव भी है। ग्रीन हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलिसिज़ नामक प्रक्रिया से बनती हैङ्क इसमें पानी में करंट छोड़ा जाता हैङ्क इसके लिए बिजली अक्षय ऊर्जा स्रोतों, जैसे कि पवन या सौर अथवा जल ऊर्जा से पाने की योजना है। तभी तो इस प्रक्रिया में ग्रीन हाउस गैस का सीधा उत्सर्जन नहीं होगा, हालांकि मूल अवयव के तौर पर बिजली और पानी बहुत प्रचुर मात्रा में लगता है। हाइड्रोजन बनाने की तुलनात्मक लागत और स्रोतों पर पड़ने वाले असर को लेकर एक सार्वजनिक बहस फौरी तौर पर की जाने की जरूरत है, यह इस पर भी होनी चाहिए कि क्या हाइड्रोजन पर निवेश करने से हमें मौसम में हो रहे बदलावों और सामाजिक असमानता को थामने में मदद मिलेगी। लागत की बात करें तो केंद्रीय अक्षय ऊर्जा मंत्रालय का दावा है कि वर्ष 2026 से पहले ही ग्रीन हाइड्रोजन की कीमतें ग्रे हाइड्रोजन से मुकाबला करने लायक हो जाएंगी। यह एक जोखिमभरा दावा है क्योंकि फिलहाल ग्रीन हाइड्रोजन की कीमत 3-8 डॉलर प्रति किग्रा. के बीच है, जबकि ग्रे हाइड्रोजन 0.8-1.7 डॉलर प्रति किग्रा. तैयार होती है। बेशक अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का अनुमान है कि ग्रीन हाइड्रोजन का मूल्य 1.4-3.2 डॉलर प्रति किलो तक गिर सकता है लेकिन यह वर्ष 2050 तक ही संभव हो पाएगा। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी का रुख कहीं ज्यादा आशावादी है और इसका मानना है कि शायद वर्ष 2030 तक ग्रीन हाइड्रोजन की कीमत 2 डॉलर प्रति किलोग्राम तक गिर सकती हैं बता दें कि यहां शब्द 'शायद' है न कि 'पक्का। दूसरी ओर बाजार वस्तु एवं विश्लेषक एजेंसी सीआरयू का कहना है कि उन्हें नहीं लगता कि ग्रीन हाइड्रोजन की कीमतें 2050 तक भी 3 डॉलर प्रति किग्रा. से नीचे आ पाएं। विगत में भी बाजार के कयास कई बार मौसम में बदलावों से निपटने में विफल रह चुके हैं, और पूरा खतरा है कि एक बार पुनः असफल हो सकते हैं। अक्षय ऊर्जा मंत्रालय यह दावा करता है कि भारत अक्षय ऊर्जा से प्रचुर मात्रा में बिजली निर्यात कर पाएगा लेकिन ऊर्जा क्षेत्र में अनुसंधान करने वाले ऐसे दावों के प्रति सावधानी बरतने को कहते हैं। फ्लोरेंस स्कूल ऑफ रेग्यूलेशन के अनुसंधानकर्ताओं का अनुमान है कि नेशनल ग्रीन ग्रिड मिशन को चालू रखने में भारत को हर साल 50 बिलियन लीटर लवणमुक्त पानी की जरूरत पड़ेगी और भारत के अनेक भाग पहले ही जल-संकटमय हैं। एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टिट्यूट (टेरी) के विश्लेषक चेताते हैं कि बेकार पड़ी भूमि की कमी भी सौर एवं पवन ऊर्जा क्षमता बनाने में रोड़ा बनेगी। इलेक्ट्रॉलाइज़र का सीमित उत्पादन, किल्लत की एक अन्य वजह रहेगा। फिलहाल, विश्व के इलेक्ट्रॉलाइजर उत्पादक हर साल 8 गीगावॉट ऊर्जा बनाने जितनी क्षमता के मॉडल ही बना पा रहे हैं। इस हिसाब से 12 साल तो केवल इन्हें पाने में लगेंगे, जबकि स्वदेशी इलेक्ट्रॉलिसिस क्षमता का उत्पादन नगण्य है। सवाल यह भी कि खतरनाक मौसम बदलावों को टालने में योगदान के लिए क्या भारत हाइड्रोजन को तरजीह दे या कोयले के विकल्प के रूप में अक्षय ऊर्जा का इस्तेमाल करना चाहिए? हाइड्रोजन मिशन का ध्येय है 2030 तक ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन प्रति वर्ष 5 लाख टन ले जाना, जिसको बनाने के लिए लगभग 120-125 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता की जरूरत पड़ेगी। इसका मतलब कि सौर पैनल्स और विंड फार्मों से जितनी ऊर्जा भारत फिलहाल पाता है, उसको दुगुना करना होगा। लेकिन यह कहना कि ग्रीन हाइड्रोजन से प्राप्त बिजली ग्रिड बनने से भारत 30-40 कोयला आधारित बड़े ताप बिजलीघर सेवामुक्त कर पाएगा और इससे कोयला जलाने और कोयले का आयात घटाने, वैश्विक तापमान बढ़ोतरी और वायु प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी, अभी दूर की कौड़ी है। टेरी की एक रिपोर्ट कहती है = अक्षय ऊर्जा का इस्तेमाल करके हाइड्रोजन बनाना ऊर्जा-खपतकारी प्रक्रिया है। जहां तक संभव हो परोक्ष विद्युतीकरण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह इसलिए भी, क्योंकि यदि आप ऊर्जा की 10 यूनिट (बिजली ) ग्रीन हाइड्रोजन बनाने में इस्तेमाल करते हैं तो यूं बनकर मिली हाइड्रोजन, बिजली की 7 यूनिट ऊर्जा के बराबर होगी। यदि इसे दूसरी जगह ले जाने को सम्पीड़ित करें तो इसमें बिजली की 3 यूनिट और खपेंगी। ऐसे में बिजली को पहले हाइड्रोजन में तब्दील करने की बजाय सीधा इस्तेमाल करना ऊर्जा-दक्षता के हिसाब से सदा ज्यादा व्यावहारिक होता है।

विशेषज्ञ राय के बावजूद, हाइड्रोजन उत्पादकों की

संपादकीय

## दुर्दांत का खौफनाक अंत

उत्तर प्रदेश और कई राज्यों में अपराध की दुनिया से राजनीति में आकर चार दशक तक स्वछंद राज करने वाले माफिया डॉन अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ का जिस तरह से अंत हुआ, उसने कोई अच्छा संदेश नहीं दिया। निस्संदेह, एक माफिया डॉन के साथ सहानुभूति नहीं होनी चाहिए, लेकिन जिस तरह पुलिस सुरक्षा के घेरे में उनकी हत्या हुई और पुलिस मूकदर्शक बनी रही, उससे उ.प्र. की पुलिस की साख पर आंच आई। कठघरे में तो राज्य का राजनीतिक नेतृत्व भी आया है। पुलिस कर्मियों के निलंबन और जांच आयोग के गठन को राज्य सरकार की छवि सुधारने की कवायद के रूप में देखा गया। बहरहाल माफिया अतीक अहमद व अशरफ की हत्या को उस कड़ी का हिस्सा माना जा रहा है, जिसकी शुरुआत प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के सरकारी गवाह उमेश पाल की सरेआम हत्या से हुई। जिसे प्रदेश सरकार व पुलिस ने अपने लिये चैलेंज माना। जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपराधियों को मिट्टी में मिलाने की टिप्पणी भी सामने आई थी। जिससे साफ हो गया था कि राज्य की सरकार व पुलिस बड़ी कार्रवाई करेगी। पहली प्रतिक्रिया, उमेश पाल हत्याकांड में शामिल बताये जा रहे अतीक के बेटे असद व उसके साथी की मुठभेड़ में मौत के रूप में सामने आई। जिसके जरिये सरकार व पुलिस ने संदेश देने का प्रयास किया कि अपराधी कितना भी बड़ा क्यों न हो, बख्शा नहीं जायेगा। यूं भी योगी सरकार के दौरान कई हजार मुठभेड़ों व डेढ़ सौ से अधिक अपराधियों के एनकाउंटर में मारे जाने पर भी विपक्षी नेता सवाल उठाते रहे हैं। लेकिन सवाल यही है कि क्या पुलिस इन अपराधियों को गिरफ्तार करके न्यायिक प्रक्रिया के जरिये दंड नहीं दिलवा सकती थी? वैसे कहा जाता रहा है कि न्याय की प्रक्रिया इतनी लंबी चलती है कि अपराधी धनबल, बाहुबल और सत्ता परिवर्तन के बाद राजनीतिक संरक्षण पाकर बरी होने की कवायद में लगातार लगे रहते हैं।

वैसे राजनीतिक नेतृत्व परिवर्तन के बाद इस तरह के बड़े माफियाओं के फिर ताकतवर होने के बाद पुलिस के लिये भी निष्पक्ष रूप से जांच करना मुश्किल हो जाता है। वैसे प्रदेश में कई राजनीतिक दलों की सरकारों में ऐसे दागी टिकट पाकर जनप्रतिनिधि बनते रहे हैं और अपने विरोधियों को ठिकाने लगाना शुरू कर देते हैं। लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में अतीक व अशरफ की हत्या पुलिस की कार्यशैली पर सवाल ही खड़े करती है। आखिर ऐसे कुख्यात डॉन के आसपास मीडिया की भीड़ को क्यों जाने दिया गया, जिसको दूसरे गैंगों के अपराधियों से हमले का खतरा बराबर बना हुआ था। इसी कमजोर कड़ी को भांपकर ही अपराधियों ने फर्जी मीडियाकर्मी बनकर हत्याकांड को अंजाम दिया। बहुत संभव है आने वाले दिनों में सत्ताधीश इस घटना के बहाने माडिया की आजादी को कुतरने का प्रयास करें। वहीं दूसरी ओर इस हत्याकांड के बाद राजनीतिक रोटियां सेंकने का उपक्रम भी तेज हो गया है। कुछ राजनीतिक दल संप्रदाय विशेष के अपराधियों को ही निशाने पर लेने की बात कर रहे हैं। वहीं सत्तापक्ष के भी कुछ नेताओं के अमर्यादित बयान सामने आये हैं। वैसे इन हत्याओं के बाद समाज का खेमों बंटा नजर आना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ लोग अपराधियों की हत्या को न्याय हुआ मान रहे हैं। तो अपने समाज के लोगों के लिये रोबिन हुड जैसी भूमिका निभाने वाले डॉन के समर्थकों में इस घटना को लेकर दुख है। बहरहाल, यदि इस तरह अपराधियों की हत्या को न्यायसंगत बताया जाने लगेगा तो कोर्ट व कानून की क्या सार्थकता रह जाएगी? इस तरह के मामले कालांतर समाज में अराजकता को ही जन्म देंगे। दुर्भाग्यपूर्ण यह भी कि अभियुक्तों की हत्या सरेआम टीवी कैमरों के सामने हुई,जिसके वीडियो वायरल होने के बाद पूरी दुनिया में तल्ख प्रतिक्रियाएं हुई। उन देशों को भारत के खिलाफ विषवमन का मौका मिला जो हमारी कमजोर कड़ियों की तलाश में रहते हैं। निस्संदेह, किसी भी समाज में अपराधियों को सख्त दंड मिलना चाहिए, लेकिन उन्हें सजा देने का काम पुलिस व अपराधियों का नहीं है, यह अधिकार सिर्फ और सिर्फ अदालतों को ही है।

# अमेरिका बना सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार

बीते रविवार को एक रिपोर्ट के मुताबिक आर्थिक समझोतों में वृद्धि की बदौलत वित्त वर्ष 2022-23 में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा कारोबारी भागीदार बन गया। वाणिज्य मंत्रालय के पिछले वित्त वर्ष में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय कारोबार 7.65 प्रतिशत बढ़कर 128.55 अरब डॉलर रहा है। दोनों देशों के बीच 2021-22 में 119.5 अरब डॉलर और 2020-21 में 80.51 अरब डॉलर का दोनों ओर से व्यापार हुआ था। डाटा के अनुसार 2022-23 में अमेरिका को कुल निर्यात 2.81 प्रतिशत बढ़कर 78.31 अरब डॉलर रहा है। 2021-22 में अमेरिका को 76.18 अरब डॉलर का निर्यात किया गया था। पिछले वित्त वर्ष में आयात 16 प्रतिशत बढ़कर 50.24 अरब डॉलर रहा है। वहीं दूसरी ओर 2022-23 में चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार 1.5 प्रतिशत घटकर 113.83 अरब डॉलर रहा है। 2021-22 में भारत और चीन के बीच 115.42 अरब डॉलर का कारोबार हुआ था। इस कालखंड में चीन को निर्यात 28 प्रतिशत बढ़कर 15.32 अरब डॉलर रहा है जबकि आयात 4.16 प्रतिशत बढ़कर 98.51 अरब डॉलर रहा है। चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 83.12 अरब डॉलर रहा है जो 2021-22 में 72.91 अरब डॉलर था।

विशेषज्ञों ने भरोसा जताया है कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय कारोबार में आने वाले वर्षों में और भी बढ़ोतरी होगी होगी। इसका कारण यह है कि दोनों देश आर्थिक समझौतों को मजबूत करने में जुटे हैं। भारतीय निर्यात संघ का कहना है कि अमेरिका को फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग और जेम्स एंड ज्वेलरी जैसे उत्पादों का निर्यात बढ़ा है। इससे कुल निर्यात में वृद्धि रही है। अमेरिका को भारत से मुख्यतः पेट्रोलियम उत्पादों, आभूषण, फार्मा उत्पाद, पॉलिश हीरे, हल्के तेल वगैरह का निर्यात किया जाता है। वहीं अमेरिका से भारत पेट्रोलियम पदार्थ, तरल प्राकृतिक गैस, सोने, कोयले और बादाम का आयात करता है लेकिन बीते वर्ष फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग और जेम्स एंड ज्वेलरी जैसे उत्पादों का निर्यात बढ़ा है जिससे दोनों देशों के बीच कारोबार भागीदारी बढ़ी है। वैसे तो अमेरिका चीन से कई चीजों का आयात करता है लेकिन बीते लगभग पांच वर्षों में खिलौने और मोबाइल फोन



काफी बड़ी संख्या में खरीदे गए हैं। यदि अमेरिका इन चीजों का चीन से आयात कम कर दे या छोड़ दे तो 70 अरब डॉलर ही रह जाएगा। आर्थिक मोर्चे पर हम चीन को भी हल्के में नहीं ले सकते। दरअसल, मामला यह है कि इस समय चीन पाकिस्तान और श्रीलंका को बीते कुछ समय से लगातार कर्ज दे रहा है चूंकि वह हमेशा भारत को चारों ओर से घेरना चाहता है। दोनों देश भारत की सीमा से सटे हैं, वे छोटे भी हैं। यदि पाकिस्तान की बात करें तो पाकिस्तान पर चीन का 30 अरब डॉलर का कर्ज बकाया है। इस ही वर्ष फरवरी में एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान पर इस समय जीडीपी का 70 प्रतिशत कर्ज है। बीते वर्ष आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका के ऊपर 2021 में विदेशों का कुल कर्ज 3500 करोड़ डॉलर का था जो साल 2022 में बढ़कर 5100 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया और यह और भी बढ़ गया है, जिसमें से लगभग आधा कर्जा चीन का है। आंकड़ों के मुताबिक इस समय श्रीलंका के ऊपर कुल 28 अरब डॉलर का चीन का कर्ज है। इस बात से हम यह समझ सकते हैं कि चीन ने जरूर व्यापार कम किया हो लेकिन वो गिद्ध की निगाह बनाए हुए अपने से सटे देशों को जल्द ही अपने कब्जे में करने में लगा हुआ है। भारत व्यापार में अपने बढ़ते कदमों को बेहद सुरक्षित स्थिति में रख रहा है। बीते वर्ष संकट के समय में पड़ोसी देश श्रीलंका को कर्ज देकर उसकी बेहद कठिन समय में मदद की थी। मदद चीन ने भी की थी लेकिन उसने श्रीलंका में कई बड़ी इमारतें बना ली अर्थात? तुरंत कब्जा ले लिया। आज भारत एक उभरती अर्थव्यवस्था में गिना जाता है और अमेरिका जैसे विश्व शक्तिशाली देशों से व्यापार में भागीदारी हमारे लिए गर्व की बात है। दरअसल, नए तरीके संबंधों को स्थापित करते हुए आर्थिक क्षेत्र में हम मात्र तेरह वर्षों में ही आगे बढ़े हैं। वर्ष 2010 में अमेरिकी ट्रेजरी सचिव टिमोथी गेथनर ने अपनी भारत यात्रा के दौरान तत्कालीन भारतीय वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी के साथ अमेरिका-भारत आर्थिक तथा वित्तीय भागीदारी शुरू की थी। मंत्री स्तरीय बैठकों में दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों की नींव रखी गई थी। इससे पूर्व अमेरिका हमें उस स्तर का सम्मान नहीं देता था कि वह हमें किसी व्यापार के लायक समझे। एक जानकारी दे दी जाए 2010 से पूर्व यदि अमेरिका को भारत की कोई खाद्य या वस्तु चाहिए भी होती थी तो वह चीन द्वारा मंगवाता था। समय बदला, हालात बदले और आज परिस्थितियां सम्मान के साथ पक्ष में हैं।

ग

# अशिष्ट सियासत के पीले चावल

अतीक,असरफ अब अतीत हो गये हैं।नये पन्ने पलटिए। देखिए कि मुल्क की बेहद अशिष्ट हो चुकी सियासत मप्र में मतदाताओं को पीले चावल क्यों बांटने पर मजबूर है ? मुल्क में पीले चावल बांटकर बच्चों के विवाह के लिए सबसे पहले देवताओं को और फिर बच्चों के मामाओं को आमंत्रित करने की परंपरा है। यही परंपरा बाद में मुहावरे में बदल गयी।



मप्र में भाजपा को 2003 में सुश्री उमा भारती की प्रचंड मेहनत सत्ता में लेकर आई थी।उमा जी सत्ता का सुख केवल 9 माह ही ले सकीं।बाद में बाबूलाल गौर और शिवराज सिंह चौहान ने सत्ता का सुख 2018 तक भोगा। चौहान की लापरवाही से भाजपा का सिंहासन 2018 के विधानसभा चुनाव में उखड़ गया। 18 महीने की सियासी बेइमानी से भाजपा बिना जनादेश के सत्ता में तो आ गई लेकिन जनता को रास नहीं आई।आज मप्र में भाजपा की दशा 2003 के पहले जैसी ही है और इसीलिए भाजपा को 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को पीले चावल बांटना पड़ रहे हैं। भाजपा की खराब हालत को देखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ मोहन भागवत को बार बार मप्र आना पड़ रहा है। मोदी जी पिछले हफ्ते भोपाल आए थे,अब फिर रीवा आ रहे हैं। प्रधानमंत्री जी की सभाओं के लिए भाजपा को पीले चावल बांटना पड़ रहे हैं। दरअसल एक तो मप्र में गर्मी शुरू हो गई है, दूसरे जनता का भाजपा के प्रति मोहभंग भी हुआ है। इसलिए भीड़ जुटाना सबसे बड़ी समस्या है। आपको बता दें कि पिछले 16 अप्रैल को ही ग्वालियर में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर महाकुंभ के लिए भीड़ जुटाने में भाजपा सरकार और संगठन को पसीना आ गया। प्रामाणिक आंकड़े नहीं हैं लेकिन अनुमान है कि भीड़ जुटाने पर 16 करोड़ रुपए खर्च किए गए। अकेले परिवहन विभाग ने सरकार से 7 करोड़ रुपए मांगे थे। फिर भी भीड़ जुटाई नहीं जा सकी। बहरहाल 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री जी के रीवा प्रवास हेतु भाजपा संगठन और सरकार प्राणप्रण से जुटे हैं। रीवा मप्र के विंध्य क्षेत्र का राजनीतिक केंद्र है। यहां इस बार भाजपा पहले के मुकाबले बहुत कमजोर हो गई है। चंबल, ग्वालियर में भाजपा की स्थिति पहले से डांवाडोल है। विंध्य में भाजपा के पास न कोई महाराज है और न शिवराज। मध?य प्रदेश में विंध?य को अलग राज?य बनाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी। ऐसे में बीजेपी के मैहर विधायक नारायण त्रिपाठी के बगावती तेवर सामने आए। उन?होंने सोमवार को विंध?य जनता पार्टी बनाई। उन?होंने तीस सीटों पर उम?मीदवार उतारने का ऐलान किया है। आपको याद होगा कि नारायण त्रिपाठी भाजपा में आने से पहले मैहर विधानसभा सीट कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के टिकट से भी चुनाव लड़ चुके हैं। चार बार के विधायक त्रिपाठी विंध्य क्षेत्र के काफी मजबूत नेता माने जाते हैं। 2014 लोकसभा चुनाव के समय वे कांग्रेस में थे। लेकिन नारायण त्रिपाठी ने 2016 के उपचुनाव में भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की थी। इसके बाद 2018 में वे दोबारा भाजपा से जीतकर विधानसभा पहुंचे। अब नारायण त्रिपाठी विंध्य के ज्योतिरादित्य सिंधिया बनना चाहते हैं। उनकी नजर विंध्य क्षेत्र की 30 विधानसभा सीटों पर हैं। त्रिपाठी अलग विंध्य प्रदेश के मुद्दे को उठाकर यहां की अधिकांश सीटें जीतने का मन बना रहे हैं। उन्होंने मैहर में आयोजित विंध्य प्रीमीयर लीग सीजन 2 के समापन के अवसर पर सार्वजनिक रूप से ऐलान किया है कि शहडोल, रीवा संभाग की 30 विधानसभा सीटों पर वे अपनी पार्टी से प्रत्याशी उतारेंगे। उन्होंने नया नारा दिया है कि 'तुम मुझे 30 दो, मैं तुम्हें 2024 में विंध्य प्रदेश दूंगा'। मप्र में विंध्य बने या न बने लेकिन भाजपा की सत्ता में वापसी आसान नहीं है। विंध्य जैसी मांग कल बुंदेलखंड में भी उठ सकती है।न भी उठे तो भी बुंदेलखंड में भाजपा की हालत पतली है। बुंदेलखंड के उम्रदराज भाजपा नेता गोपाल भार्गव और उमा भारती को लेकर अब भाजपा आश्वस्त नहीं हैं।

# बंटी की अंटी में उनका भविष्य

सुपर चोर बंटी एक बार फिर पुलिस की गिरफ्त में, तीस सालों में 700 से ज्यादा वारदात करने वाला बंटी चोरी के प्रति गहन प्रतिबद्ध है, वरना इतने समय में कई चोर प्रमोशन हासिल करके विधायक मंत्री तक बन जाते हैं। पर बंटी चोरी को स्किल मानकर इसके लिए प्रतिबद्ध है, उस पर फिल्म बनी है, टीवी सीरियल में आ चुका है, इतना सब होने पर विधायक नेता बन सकता था, पर नहीं, उसने चोर होना ही चुना।

बंटी को पाकिस्तान एक्सपोर्ट कर देना चाहिए। पाकिस्तान से इंपोर्ट तो चल ही रहा है, पाकिस्तान ड्रोन के जरिये कुछ न कुछ हथियार, नशेबाजी के आइटम भेजता ही रहता है। पाकिस्तान से इंपोर्ट चल रहा है, हां एक्सपोर्ट रुक गया है। तो बंटी को एक्सपोर्ट कर दिया जाये, पाकिस्तान का भला हो जायेगा। पाकिस्तान को चोरी की स्किल का सुपर प्रोफेसर मिल जायेगा। ऐसा नहीं है कि पाकिस्तान के पास स्किल नहीं है। पाकिस्तान के पास आतंक के ऐसे-ऐसे उस्ताद पड़े हुए हैं जो ग्लोबल प्रोफेसर हो सकते थे अगर आतंक को किसी विश्वविद्यालय में बतौर विषय लांच किया जाये तो। बंटी चोर पाकिस्तान चला गया, तो पाकिस्तान को अपने यहां स्किल डेवलपमेंट में मदद मिलेगी और पाकिस्तान की बेइज्जती कुछ कम हो जायेगी। अभी पाकिस्तान के विदेशमंत्री, प्रधानमंत्री दुनियाभर में बेइज्जत हो रहे हैं- एक-दो अरब डॉलर के लिए। पाकिस्तान का हाल इस समय यह है कि अगर कोलंबस पाकिस्तानी होता, तो किसी नये देश की तलाश के बाद सबसे पहले उस देश के राजा से यही कहता- महाराज एक अरब डॉलर कर्ज दो न। पाकिस्तानी कोलंबस नये देशों की तलाश सिर्फ इसलिए करता कि वह नये देश से नया कर्ज मांग सके। पुराने देशों से नया कर्ज मांगना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। मांगने का काम घणा बेइज्जती वाला हो गया अब पाकिस्तानी नेताओं के लिए, अब चोरी करके इज्जत बचानी चाहिए पाकिस्तानी नेताओं को। बंटी चोर को भारत से एक्सपोर्ट किया जाये और पाकिस्तानी नेता दुनियाभर में बंटी को लेकर जायें। पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की विजिट के बाद अमेरिका के बैंक से डॉलर रिजर्व गायब मिलेंगे। बंटी चोर पूरी दुनिया से माल बटोरकर पाकिस्तान लेकर आयेगा। वैसे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अपने से पहले के प्रधानमंत्रियों को चोर कहते हैं। पर ये चोर उतने हुनरमंद न हैं, जितना हमारा बंटी है। तो पाकिस्तान में चोर फेडरेशन बन जाये तो पाकिस्तान इज्जत के साथ कुछ डॉलर हासिल कर लेगा।

# अब तो मोहन भागवत भी मस्जिद मदरसों में जाने लगे हमें भी दर्द होता हैः दिग्विजय सिंह

**रघुवर दयाल गोहिया**

सीहोर। कांग्रेसी मंदिर एवं धार्मिक स्थलों पर जाते हैं तो भाजपा के लोगों को दर्द होता है, लेकिन अब मोहन भागवत भी मस्जिद-मदरसों में जाने लगे हैं। हमें भी दर्द होता है। 2018 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने परिवर्तन किया, लेकिन कुछ लोग बिक गए। इनमें हमारे गरीब विधायक तो नहीं बिके, लेकिन राजा, महाराजा, जमीदार जैसे लोग बिक गए और कांग्रेस की सरकार गिर गई। यदि कांग्रेस की सरकार होती, कांग्रेसी एकजुट होते तो किसानों की कर्ज माफी हो जाती। मध्यप्रदेश में रेत का अवैध कारोबार नहीं होता। मध्यप्रदेश में कुशासन की जगह प्रशासन चलता, लेकिन राजा, महाराजा बिक गए। यह बातें मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कही। वे अपने सीहोर दौरे के दौरान पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इससे पहले सीहोर पहुंचे कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह का जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलबीर तोमर, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, युवा नेता एवं पार्षद राजीव गुजराती, जिला पंचायत सदस्य शशांक सक्सेना, पंकज शर्मा सहित अन्य कांग्रेसियों ने भव्य स्वागतकिया। उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं नर्मदा परिक्रमा के साथी रामेश्वर नीखरा भी उपस्थित थे।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ एवं संगठन के निर्देश के अनुसार उन्हें मध्यप्रदेश की 66 विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी दी गई है। जहां से कांग्रेस हारती रही है। इनमें से अब तक वे 23 विधानसभा सीटों पर जाकर पार्टी पदाधिकारियों, संगठन के साथ चर्चा करके बैठक कर चुके हैं। अब सीहोर आए हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह स्वीकारने में बिल्कुल भी अफसोस नहीं है कि हमारा संगठन कमजोर है। हम चुनाव वाले दिन, वोटिंग वाले दिन बूथ मैनेजमेंट करने में



असफल रहते हैं। यह हमारी सबसे बड़ी कमजोरी है। कांग्रेस संगठन जैसा होना चाहिए वैसा नहीं है, लेकिन अब पीसीसी चीफ कमलनाथ ने बूथ मैनेजमेंट को लेकर रणनीति बनाई है। अब कांग्रेस को सेक्टर एवं मंडलों में बांटा गया है। हर सेक्टर, मंडलम सहित हर जिले के प्रभारी बनाए गए हैं, ताकि संगठन को मजबूती दी जा सके। पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह ने कहा है कि 15 साल की भाजपा सरकार की वादा खिलाफी, कुशासन, भ्रष्टाचार से जनता परेशान है। अब मध्यप्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पुलवामा मामले को लेकर कहा कि जो उन्होंने आरोप लगाए थे वह सभी आरोप अब सही साबित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें देशद्रोही बोला, लेकिन आज तक कोई भी यह साबित नहीं कर पाया कि दिग्विजय सिंह देशद्रोही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि गुलाम नबी आजाद जब तक कांग्रेस में थे, तब तक वे आजाद थे, लेकिन कांग्रेस से जाते ही गुलाम हो गए हैं। कांग्रेस तो उनको नबी बनाना चाहती थी, लेकिन उन्हें गुलामी पसंद थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने लहार की घटना को लेकर भी भाजपा पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि लहार नगर परिषद में एक भी भाजपा के पार्षद नहीं है। वहां पर भाजपा नेता अवैध जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। इसको लेकर नगर परिषद जब कब्जा हटाने गई तो भाजपाइयों ने तहसीलदार और सीएमओ पर हमला कर दिया, जबकि हाईकोर्ट ने भी अवैध कब्जा हटाने का निर्देश दिया है। एक सवाल के जवाब में दिग्विजय सिंह ने कहा कि रामेश्वर शर्मा उनके सामने अभी बच्चा है।

**मंडल, सेक्टर अध्यक्षों की ली बैठक, जानी विधानसभा की स्थिति**-तय कार्यक्रम के अनुसार दिग्विजय सिंह को 10 बजे सीहोर पहुंचना था, लेकिन उनका काफिला देरी से पहुंचा। यहां पहुंचने के बाद कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत, सत्कार किया। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के साथ चर्चा की। फिर पूर्व मुख्यमंत्री ने सीहोर विधानसभा क्षेत्र के मंडल, सेक्टर प्रभारियों, अध्यक्षों के साथ बैठक की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव से पहले संगठन द्वारा जारी कार्यक्रम को लेकर दिशा निर्देश दिए और सभी मंडल, सेक्टर प्रभारियों को चुनावी मैदान में कमर कसने के लिए कहा। पूर्व मुख्यमंत्री ने सीहोर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पालिका पार्षद, ग्राम पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधि, सेवादल, महिला कॉग्रेस, युवक कॉंग्रेस, किसान कॉंग्रेस, आईटी सेल, एनएसयूआई सहित सभी प्रकोष्ठ के सदस्य एवं सभी वरिष्ठ, कनिष्ठ, पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों सहित कांग्रेस के समस्त कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक की। इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के प्राथमिक सदस्यों को ही आमंत्रित किया गया था।

# सागर कमिश्नर डॉ वीरेन्द्र सिंह रावत ने सतधरु बांध

## इंटेकवेल एवं जल शोधन संयंत्र का लिया जायजा

**पुष्पांजलि टुडे**

दमोह। कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने सतधरु बांध पर आधारित दमोह-पटेरा एवं जबेरा-तेंदूखेड़ा समूह जल प्रदाय योजनाओं में इंटेक वेल एवं जल शोधन संयंत्र का जायजा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत अजय श्रीवास्तव, एसडीएम गगन बिसेन सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे। इस अवसर पर म.प्र. जल निगम के महाप्रबंधक डीके जैन ने बताया दमोह-पटेरा समूह जल प्रदाय योजना में कुल 457 ग्रामों को पेयजल प्रदाय किया जाना लक्षित है। वर्तमान में योजना की कमीशनिंग प्रारंभ कर दी गयी है एवं 306 ग्रामों में जल प्रदाय की टेस्टिंग प्रारंभ है। इसी प्रकार तेंदूखेड़ा समूह जल प्रदाय योजना



में कुल 213 ग्रामों को पेयजल प्रदाय किया जाना लक्षित है। वर्तमान में योजना की कमीशनिंग प्रारंभ कर दी गयी है एवं 60 ग्रामों में जल प्रदाय की टेस्टिंग प्रारंभ है। उन्होंने बताया दोनों योजनाओं में कार्य प्रगति पर है जिसे जून 2023 में पूर्ण किया जाना लक्षित है। वर्तमान में सतधरु बांध में पर्याप्त मात्रा में जल भंडारण उपलब्ध है।

# किशोरी वैष्णवी गर्ग ने कहा की कथा सुनना तब सफल है जब हम कथा में नहीं कथा हमारे अंदर बैठे



**पुष्पांजलि टुडे**

दमोह। ग्राम छेबला दुबे में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ब्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने कथा के समापन दिवस पर श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र की सभी महत्वपूर्ण गाथाओं का वर्णन किया. किशोरी जी ने कहा कि हमें अपने जीवन का प्रत्येक पल ईश्वर भक्ति में व्यतीत करना चाहिए. हमें हर सांस में ईश्वर का नाम लेना चाहिए. एक भी सांस व्यर्थ नहीं जाना चाहिए।भक्त सुदामा ने श्री कृष्ण के बालपन में अपनी आयु व्यतीत की सौभाग्य से उनके सहपाठी बनें। समय के परिवर्तन में सुदामा ने अपने परिवार को गरीबी में पाला और श्री कृष्ण द्वारकाधीश बने। पत्नी के बार- बार कहने पर अपने मित्र श्री कृष्ण जी को मिलने गये। सुदामा इतने निर्धन थे कि उन्होंने पत्नी द्वारा लोगों से मांग कर लाए गए दो मुट्ठी चावल द्वारकाधीश को भेंट करने के लिए साथ ले चले। सुदामा पूछते हुए राजमहल गए और किसी ने श्री कृष्ण का मित्र होने का विश्वास नहीं किया। एक द्वारपाल ने द्वारकाधीश को सूचित किया। इतना सुनते ही श्री कृष्ण मित्र सुदामा-सुदामा कहते हुए दौड़ पड़े। श्रीकृष्ण अपने रथ पर बिठाकर सुदामा को राज भवन लाए और उनका मान सम्मान किया।

**मित्रता करनी है तो कृष्ण और सुदामा की तरह करो**-उन्होंने कहा कि सच्चा मित्र वहीं है जो अपने मित्र को निस्वार्थ भाव से प्यार करे और विपत्ति आने पर उसकी सहायता करे। आज पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भगवान दास चौधरी दमोह ,मुख्य यजमान राजाराम पटेल ,राजू एवम श्री सिद्ध बाबा धाम भक्तो के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे.सरपंच विनय चनपुरिया ने सभी धर्म प्रेमी जन से कथा श्रवण करने की अपील की है।अप्रैल गुरुवार को भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# पिताश्री की स्मृति में दिल्ली में अस्थाई छात्रावास संचालन हेतु 01.00 लाख दिये



**पुष्पाजंली टुडे**

जोधपुर। अखिल भारतीय सीरवी समाज दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सीरवी समाज भवन मय छात्रावास हेतु एक साल शिक्षा के नाम अभियान के तहत समाज में जागरूकता के साथ निधि संग्रहण का काम किया जा रहा है। समाज के वरिष्ठ महानुभावों से प्राप्त सुझावों अनुसार स्थाई छात्रावास बनने तक अस्थाई छात्रावास संचालन के निमित्त वर्तमान में भारतीय प्रशासनिक सेवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लगभग 50 विध्यार्थीयों में से जरूरतमंद के लिए दिल्ली में किराए के भवन में सुविधाएं उपलब्ध करवानी चाहिए। इसी कड़ी में गोपाराम पंवार, समन्वयक, एक साल शिक्षा के नाम अभियान ने अपने पिताश्री स्व. उर्जाराम पंवार निधन 19.04.2002 सुपुत्र स्व. लालाराम, बेरा- धोरायत, उचियार्ड़ा, बिलाड़ा की स्मृति में आज दि. 19.04.2023 को अस्थाई छात्रावास संचालन के निमित्त 01.00 लाख रूपये संस्था के खाते में जमा करवाये है।गोपाराम पंवार ने इससे पूर्व संस्था में आजीवन संरक्षक सलाहकार सदस्यता के निमित्त 05.00 लाख रुपए का योगदान दे चुके हैं।एक साल शिक्षा के नाम अभियान में अबतक 120 शिक्षाप्रेमी भामाशाहों द्वारा लगभग 155 लाख रुपए की घोषणा कर लगभग 51.00 लाख रुपए संस्था को उपलब्ध भी करवा दिये हैं।

# टांडा बरूड़ थाना परिसर पर आगामी त्योहारों ईद परसुराम जयंती त्योहारों को लेकर शान्ति समिति की बैठक रखी गई




**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

टांडा बरूड़ नगर बरूड़ में थाना क्षेत्र में लगने वाले सभी गांव के ग्रामीण जन को सुचना दी गई और आगामी ईद परसुराम जयंती जेसे महत्वपूर्ण पर्व त्यौहारों को लेकर थाना प्रभारी लक्ष्मन सिंह लौवंशी एवं उनकी पुलिस टिम की उपस्थिति शान्ति समिति की मिटिग शुरू किया गया थाना क्षेत्र के गांवों के सरपंच सचिव गण ग्रामीण जन एवं स्थानीय नगर बरूड़ के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे नगर बरूड़ में खान जमात पठान जमात के दोनों सदर स्थानीय उपस्थित रहे कुमरावत समय के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा नेता रामचंद्रभी उपस्थित रहे सभी के बिच थाना प्रभारी लक्ष्मन सिंह लौवंशी द्वारा विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कहा ईद परसुराम जयंती पर्व को लेकर गाड़ी खिंचाई रस्म को लेकर ईद की नमाज पढ़ने को लेकर चर्चा की मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे थाना प्रभारी लक्ष्मन सिंह लौवंशी द्वारा मुस्लिम समाज के वरिष्ठ नागरिकों से चर्चा की परसुराम जयंती को लेकर भी चर्चा हुई शान्ति समिति को लेकर पत्रकार पंकज सिंह ठाकुर अय्युब ख़ान धर्मेश कुमरावत भी उपस्थित रहे उपस्थित रहे रोमचिचली सरपंच टांडा बरूड़ बैजापुरा सरपंच ग्राम पंचायत बरूड़ सचिव मोहन राठौड़ रोमचिचली भाजपा बरूड़ के वरिष्ठ नेता रामचंद्र कुमरावत बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित रहे पुलिस प्रशासन द्वारा सभी से विस्तृत रूप से चर्चा की ओर बताया गया की ऐसी कोई बात हो तो तत्काल पुलिस को बताये।

# सुंदरम तिवारी को बजरंग दल के जिला सह संयोजक की मिली जिम्मेदारी,समर्थकों ने जताई खुशी

**ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजलि टुडे**



देवेंद्र नगर के पास स्थित देवरी गढ़ी के निवासी युवा समाज सेवी और आर एस एस संगठन के समर्पित कार्यकर्ता को बजरंग दल ने पन्ना जिले का जिला सह संयोजक का दायित्व सौंपा है ।लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रिय उपस्थिति के फलस्वरूप इतनी बड़ी जिम्मेदारी देकर बजरंग दल जिला कार्यकारणी ने बड़ा भरोसा जताया है। सुंदरम तिवारी ने इस नई जिम्मेदारी को पूरे मनोयोग से निभाने का वचन देते हुए जिला कार्यकारणी को धन्यवाद ज्ञापित किया। सुंदरम तिवारी के जिला सह संयोजक बनने पर समर्थक और मित्र मंडली ने सुभकामनाए व्यक्त की है।

# पाली जिला स्थित - मंदबुद्धि दिव्यांग आश्रम से मानव सेवा के लिए सम्मानित किया गया



**पुष्पांजलि टुडे, रिपोर्टर खंगाराम मुलेवा**

रक्तकोश फाउंडेशन टीम सादड़ी प्रदेश अध्यक्ष सुरेश माली गोयल सादड़ी मानव सेवा के लिए सम्मानित किया गया बताया गया कि सुरेश गोयल ने युवाओं को प्रेरित कर 3622 यूनिट इमरजेंसी डिलीवरी केस और एक्सीडेंट केस रक्तदान करवा कर पुनीत कार्य इस अवसर पर पाली के मंदबुद्धि दिव्यांग आश्रम पाली समाजसेवी राजू भाई देवासी ने बताया कि ऐसे ही आप कार्य करते रहो अपना देश जरूर जागृत रहेगा इस अवसर पर कैलाश माली सादड़ी राजू भाई टीम पाली और भी युवा साथियों ने नेक कार्य करने के लिए आभार जताया।

# गोरमी पुलिस ने अपर्हत को दस्तयाब कर सकुशल परिवारजन को किया सुपुर्द

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोरमी । दिनांक 07/04/23 को फरियादी अरविंद पुत्र रामभरोसे शिवहरे निवासी वार्ड न0 7 गोरमी ने रिपोर्ट किया कि मेरा लडका दिनांक 05/04/23 को स्कूल जाने की कहकर गया जो घर वापस नहीं आया आसपास काफी तलाश करने पर भी कोई पता नही चलने पर थाना पर रिपोर्ट की जिस पर से थाना पर अपराध क्र0 92/23 धारा 366 ताहि0 का कायम किया गया। बाद उक्त घटना की गम्भीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर से पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा गुम बालक व बालिकाओ के दस्तायव हेतु चालये जा रहे विशेष अभियान के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे एवं मेहंगाव एसडीओपी आर. के. एस. राठौर के निर्देशन में अपर्हत की दस्तयावी हेतु थाना की विशेष टीम गठित कर पतारसी की गई जिस पर से अपर्हत को पोरसा से दस्तयाब कर सकुशल परिवारजन को सुपुर्द किया। इनकी मुख्य भूमिका रही - निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह सेंगर,उपनिरीक्षक मनीराम नादिर, सहायक उपनिरीक्षक दीपक तोमर, प्रधान आरक्षक रामौतार सिंह, आरक्षक सत्यभान सिंह, आरक्षक राजेश सिंह।

# 136 साल पुराने चांदी के 240 सिक्के मिले

**पुष्पांजलि टुडे**



दमोह। शहर के असाटी वार्ड में प्लाट पर खुदाई के दौरान मजदूरो को 136 साल पुराने चांदी सिक्के मिले। इन सिक्कों को मजदूरों नें कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। मजदूरों के इस नेक कार्य कि सभी शहर वासियों के द्वारा सराहना कि गई।

# पुनीत राजकुमार की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू। अंबेडकर खेल मैदान बेंगलुरु मैं पुनीत राजकुमार की स्मृति में आयोजित गोविंदराजनगर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में आयोजको ने विशिष्ट अतिथि मारूति मेडिकल के प्रमुख महेंद्र को सम्मानित किया।मणोत ने कहा कि खेल जैसी क्रिया से शारीरिक एंव मानसिक मजबूती मिलती है।



# पुलिस व खाद्य सुरक्षा विभाग ने संयुक्त कार्यवाही कर मिलावटी मसाले वाले के विरूद्ध की कार्यवाही

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक निशा रेड्डी के मार्ग दर्शन में मिलावट माफियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना सिटी कोतावली भिण्ड व खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त कार्यवाही। दिनांक 19/04/2023 को खाद्य सुरक्षा विभाग का दल थाना सिटी कोतवाली का पुलिस बल के साथ बतासा बाजार भिण्ड स्थित शिवशक्ति मसाला पिसाई चक्की पर जाकर खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा मौके पर निरीक्षण कर चक्की संचालक राजीव कुमार जैन उपस्थित मिला जो मसाला पिसाई के साथ साथ मसालो की विक्री आमजनों को कर रहा था। चक्की मे थैली में मसालो में मिलाने के लिये लाल एवं पीला रंग बिना व्राण्ड की सादा पनी में रखा पाया एवं चक्की संचालक से लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर एवं रंगो के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत जांच हेतु नियमानुसार लिये गये एवं नमूना उपरान्त शेष बचे 20 किलो लाल मिर्च पाउडर, 50 किलो हल्दी पाउडर, 30 किलो धनिया पाउडर जिसकी कीमत 15,800/- रूपये है को नियमानुसार जप्त किया गये । चक्की संचालक राजीव कुमार जैन उक्त रंगो का उपयोग मसालो में मिलावट के लिये करता है। और घटिया क्वालिटी के मसालों को रंग मिलाकर अच्छी क्वालिटी जैसा बताकर आमजनो को विक्रय कर रहा है। चक्की संचालक अपने इस अनैतिक कारोबार से अनैतिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर आमजनो से धोखाधडी कर रहा है और उनके स्वास्थ्य से खिलवाड कर रहा है। जिसके संबंध में खाद्य सुरक्षा विभाग के आवेदन पर आरोपी चक्की संचालक राजीव कुमार जैन पुत्र रमेशचंद जैन निवासी राज टॉकीज वाली गली भिण्ड के विरूद्ध अपराध क्रमांक 131/23 धारा 420,272,273 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। टीम जिसके द्वारा कार्यवाही की गई कोतवाली सिटी निरीक्षक शिव सिंह यादव, उपनिरीक्षक देवीदीन अनुरागी, प्रधान आरक्षक रामाकात शर्मा, प्रधान आरक्षक कुलदीप शुक्ला,आरक्षक सुनील गर्ग, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रीना वंसल व उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## लखनऊ और चेन्नई के मैच शेड्यूल में हुआ बदलावःचार की जगह 3 मई को होगा मुकाबला, लखनऊ के इकाना में खेला जाना है मैच



**मुंबई।** ढ्ढक्क के 16वें सीजन का 46वां मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के शेड्यूल में बदलाव किया गया गया है। ढ्ढक्क की ओर से जारी किए गए बयान में कहा है कि लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 4 मई को लखनऊ और चेन्नई के बीच खेले जाने वाला मैच 3 मई को ही खेला जाएगा। वहीं मैच के समय और स्थान में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मैच पहले की तरह ही इकाना स्टेडियम में निर्धारित समय दोपहर 3ः30 बजे से ही शुरू होगा। यह बदलाव लखनऊ में 4 मई को होने वाले नगर निकाय के चुनाव को देखते हुए किया गया है। सुरक्षा कारणों की वजह से ढ्ढक्क प्रशासन ने मैच को निर्धारित दिन से एक दिन पहले कराने का फैसला किया। ताकि सुरक्षा को लेकर कोई समस्या ना हो। ढ्ढक्क के 16वें सीजन में अब तक चेन्नई और लखनऊ का प्रदर्शन शानदार रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने अब तक 5 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से 3 में जीत दर्ज की है, इसके साथ ही टीम पॉइंट्स टेबल में 6 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर काबिज हैं। वहीं दूसरी तरफ चेन्नई सुपर किंग्स की टीम ने अब तक 5 मैच में से 3 जीते हैं, सीएसके पॉइंट टेबल में 6 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। लखनऊ सुपरजायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स इस सीजन में एक-दूसरे से एक बार भिड़ चुकी हैं। चेन्नई के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में ष्टस्य ने लखनऊ को 12 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 7 विकेट के नुकसान पर 217 रन बनाए। 218 रन के टारगेट का पीछा करने आई लखनऊ ने 7 विकेट के नुकसान पर 205 रन ही बना सकी।

## एमजेएस महाविद्यालय में सम्पन्न हुई निबंध प्रतियोगिता

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । जिले के अग्रणी महाविद्यालय एमजेएस कॉलेज में प्राचार्य डॉ मालवीय विमल के निर्देशन में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय मध्यप्रदेश के विकास में युवाओं की भूमिका था। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. प्रभा तिवारी एनसीसी और सह संयोजक डॉ कमला नरवरिया, एनएसएस अधिकारी द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित कराया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन कैडेट खुशबू जादौन द्वारा किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के विचार जानना, समझना और उन्हें जागरुक करना था। कार्यक्रम में डॉ रविकांत और प्रो. सोमवीर, डॉ ऋचा द्वारा मुख्य रूप से निर्णायक की भूमिका निभायी गयी। इस दौरान महाविद्यालय का अन्य स्टाफ और एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयं सेवी के साथ ही महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### न्यूजीलैंड ने टी-20 सीरीज में वापसी की

## पाकिस्तान ने आखिरी 9 गेंद में 3 विकेट खोकर बनाए सिर्फ 10 रन, 4 रन से हारा



**लाहौर।** न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच पांच टी-20 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया। शुरुआती दो मैचों को गंवाने के बाद न्यूजीलैंड ने तीसरे मुकाबले में वापसी की और पाकिस्तान को 4 रन से हराया। मैच में पाक टीम क पलड़ा भारी था और उसे जीत के लिए आखिरी ओवर में 15 रन चाहिए थे, पर जेम्स नीशम ने 2 विकेट लेकर बाजी पलट दी। पाकिस्तान ने आखिरी 9 गेंदों में सिर्फ 10 रन बनाए और 3 विकेट खो दिए। इस जीत के बाद न्यूजीलैंड ने सीरीज में 1-2 से वापसी कर ली है। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने पहला विकेट 20 रन पर ही गंवा दिए। ओपनर चैड बोवेस 9 गेंदों का सामना कर 7 रन बनाकर आउट हो गए। लाथम ने कप्तानी पारी खेलते हुए 49 गेंदों में 64 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 7 चौके और 2 छक्के भी जड़े। लाथम के अलावा डैरिल मिचेल ने भी 33 रनों की पारी खेली। बाबर-रिजवान एक बार फिर फेल हो गए। पहले टी-20 में दोनों ने जल्दी विकेट गवां दिया था, हालांकि पाकिस्तान को इस मैच में जीत मिली थी। वहीं दूसरे टी-20 में दोनों ने वापसी की थी। बाबर ने नाबाद 101 रन और रिजवान ने 50 रन की पारी खेली। वहीं तीसरे टी-20 में दोनों ने महज 17 रन के स्कोर पर अपना विकेट गवां चुके थे। पहले बाबर 6 रन के टीम स्कोर पर पवेलियन लौट गए। उनका विकेट रविंद्र रचिन ने मिल्ने के हाथों कैच कराकर लिया। आजम 6 गेंदों का सामना कर केवल 1 रन ही बना सके। वहीं रिजवान भी 17 रन के स्कोर पर आउट हो गए।

## चेन्नई ने बेंगलुरु को 8 रन से हराया

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) के रोमांचक मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (ष्टस्य) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुर (ऋष्टक्च) को 8 रन से हरा दिया। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी चेन्नई ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 226 रन बनाए। जवाब में बेंगलुरु 8 विकेट पर 218 रन ही बना सकी। चेन्नई के मथीशा पथिराना ने आखिरी ओवर में 19 रन डिफेंड किए। उन्होंने ओवर में 10 ही रन दिए और एक विकेट भी ले लिया। ष्टस्य से डेवोन कॉन्वे ने 83 और शिवम दुबे ने 52 रन बनाए। वहीं बेंगलुरु से ग्लेन मैक्सवेल ने 76 और फाफ डु प्लेसिस ने 62 रन बनाए। डेवोन कॉन्वे की पारी टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी चेन्नई से डेवोन कॉन्वे ने 83 रन की पारी खेली। उन्होंने पहले अजिंक्य रहाणे के साथ 74 और फिर शिवम दुबे के साथ 80 रन की पार्टनरशिप की। इन पार्टनरशिप के दम पर चेन्नई ने 20 ओवर में 226 रन बनाए। 227 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बेंगलुरु ने शुरुआती ओवरों में ही 2 विकेट गंवा दिए। फिर ग्लेन मैक्सवेल और फाफ डु प्लेसिस ने 61 गेंदों पर 121 रन की पार्टनरशिप कर डाली।

### कोहली-गांगुली ने एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर किया अनफॉलो

## आरसीबी बनाम डीसी के बीच मैच के दौरान एक-दूसरे को किया था इग्नोर



**दिल्ली।** विराट कोहली और सौरव गांगुली के बीच अभी रिश्ते ठीक नहीं है। 15 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच बेंगलुरु में हुए मैच के दौरान दोनों के आपस में हाथ नहीं मिलाने का वीडियो सामने आया। अब इस बीच खबर आ रही है कि दोनों ने मैच के बाद इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। सौरव गांगुली दिल्ली कैपिटल्स के डायरेक्टर हैं, जबकि विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलते हैं। गांगुली के इंस्टाग्राम पर 30 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वहीं वह 106 लोगों को फॉलो करते हैं। उनमें कोहली शामिल नहीं हैं। दूसरी ओर कोहली के इंस्टाग्राम पर 246 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं और वे 276 लोगों को फॉलो करते हैं, लेकिन गांगुली उनमें नहीं हैं। हालांकि दोनों क्रिकेटरों ने अभी तक आधिकारिक रूप से अनफॉलो करने के बारे में कोई बयान नहीं दिया है। ढ्ढक्क के 16वें सीजन में 15 अप्रैल को बेंगलुरु में हुए मैच के दौरान एक-दूसरे को इग्नोर करने का वीडियो वायरल हुआ था। दोनों ने एक-दूसरे से हाथ नहीं मिलाया। मैच खत्म होने के बाद दोनों टीम के खिलाड़ी लाइन बनाकर एक-दूसरे से हाथ मिलाने लगे। यहां दिल्ली कैपिटल्स टीम के कोच सौरव गांगुली और ऋष्टक्च के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने एक-दूसरे से हाथ नहीं मिलाया। मीडिया रिपोर्ट्स में कुछ दिनों पहले दोनों के बीच अनबन की खबरें भा सामने आई थीं। दरअसल 2021 टी-20 वर्ल्ड कप से पहले विराट कोहली ने टी-20 की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया था। वर्ल्ड कप के बाद रोहित शर्मा को पहले टी-20 और वनडे की कप्तानी सौंपी गई। वनडे की कप्तानी से हटाए जाने के बाद कोहली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि उन्हें वनडे टीम घोषित होने से कुछ घंटे पहले ही कप्तानी से हटाए जाने की जानकारी दी गई थी। वहीं उस समय ब्ष्टष्टढ्ढ अध्यक्ष रहे सौरव गांगुली ने कहा था कि उन्हें टी-20 की कप्तानी छोड़ने से रोका गया था, पर कोहली नहीं माने। वनडे और टी-20 फॉर्मेट का अलग-अलग कप्तान नहीं बनाया जा सकता है, इसलिए चयनकर्ताओं ने कोहली को वनडे से कप्तानी से हटाने का फैसला किया। इसके बाद ये मामला काफी तूल पकड़ लिया था। आखिर में विराट ने साउथ अफ्रीका दौरे पर भारत की टेस्ट टीम की कप्तानी भी छोड़ दी। जिसके बाद से दोनों के संबंधों में कड़वाहट को लेकर बातें सामने आती रहती हैं।

## कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को दिया जाएगा नि:शुल्क प्रशिक्षण

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । डिप्लोमा इन फूड्स प्रोडेक्शन, डिप्लोमा इन फिन्ट आफिस, डिप्लोमा इन फूड एण्ड वेवरेज एवं डिप्लोमा इन हाउस कीपिंग आदि का डेढ़ वर्ष का निःशुल्क प्रशिक्षण म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम के निर्देशानुसार कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को दिया जाना है। प्रभारी अधिकारी पराग जैन ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को उपरोक्तानुसार पर्यटन विकास निगम द्वारा दिए गए निर्देशानुसार प्रशिक्षण हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## पांच साल से नहीं बढ़ी महिला क्रिकेटर्स की कॉन्ट्रैक्ट राशिःग्रेड ए के 1 पुरुष को 5 करोड़, महिलाओं का कुल करार 5.1 करोड़ का

**मुंबई।** ब्ष्टष्टढ्ढ दुनिया का सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड है। इसका मुजाहिरा उसने रविवार को पेश किया, जब उसने घरेलू टूर्नामेंट की प्राइज मनी बढ़ाई। हालांकि, कुछ मामलों में अभी भी उसका भेदभाव नजर आ रहा है। मसलन, भारतीय क्रिकेटर्स को दिया जाने वाला सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट। पुरुष और महिला क्रिकेटर्स का जो सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट है, उसमें अंतर कुएं का नहीं बल्कि खाई जितना है। पुरुषों को करोड़ों में राशि मिलती है, जबकि महिलाओं को लाखों में। न सिर्फ राशि में भेदभाव है, बल्कि कॉन्ट्रैक्ट देने में भी बोर्ड का दोहरा मापदंड है। ब्ष्टष्टढ्ढ पुरुष क्रिकेटर्स को 26 मार्च को कॉन्ट्रैक्ट दे चुका है, लेकिन महिला क्रिकेटर्स अभी तक इंतजार ही कर रही हैं। दूसरे देश के बोर्ड में ऐसा नहीं होता। ऑस्ट्रेलिया ने इस महीने की शुरुआत में अपनी दोनों टीमों को कॉन्ट्रैक्ट दिए। ब्ष्टष्टढ्ढ ने 2018 के बाद महिला क्रिकेटर्स के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की राशि भी नहीं बढ़ाई है। पूर्व इंटरनेशनल क्रिकेटर अरुंधति रॉय का कहना है कि ब्ष्टष्टढ्ढ अब महिला और पुरुष खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं समान देने के लिए सकारात्मक रूप से काम कर रहा है। बोर्ड पुरुष वर्ग में 26 खिलाड़ियों को कॉन्ट्रैक्ट देता है, जबकि महिला वर्ग में सिर्फ 19 को। पुरुष टीम में ए+, ए, बी और सी ग्रेड हैं। महिला टीम में ए, बी, सी ग्रेड हैं। पुरुषों को ए+ में 7 करोड़, ए में 5 करोड़, बी में 3 करोड़, सी में एक करोड़ मिलते हैं। महिला में ग्रेड ए में 50 लाख, बी में 30, सी में 10 लाख है। पुरुषों में कॉन्ट्रैक्ट पर 82 करोड़ खर्च होते हैं, जबकि महिला वर्ग में कॉन्ट्रैक्ट पर सिर्फ 5.1 करोड़ खर्च होते हैं। यानी, पुरुष क्रिकेट से करीब 16 गुना कम। ग्रेड ए के एक पुरुष क्रिकेटर को जितनी राशि मिलती है, उससे थोड़ी ही ज्यादा राशि में पूरी महिला क्रिकेटर्स का कॉन्ट्रैक्ट बन जाता है। 2015 में महिला क्रिकेटर्स को कॉन्ट्रैक्ट मिला। तब ग्रेड ए में 15 लाख और बी में 10 लाख मिलते थे।

### सीएसके बनाम आरसीबी मैच की व्यूअरशिप 2.4 करोड़, ओवरऑल दूसरे नंबर परः

## 2019 में भारत-न्यूजीलैंड मैच की व्यूअरशिप 2.53 करोड़ के साथ टॉप पर थी



**मुंबई।** ढ्ढक्क में सोमवार को रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच हुए मैच डिजिटल प्लेटफॉर्म पर व्यूअरशिप के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। इस मुकाबले की लाइव स्ट्रीमिंग देखने वालों की संख्या 2.4 करोड़ तक रही। यह ढ्ढक्क की अब तक की सबसे ज्यादा व्यूअरशिप है। वहीं, डिजिटल पर सबसे ज्यादा व्यूअरशिप 2019 वनडे वर्ल्ड कप में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए मैच के दौरान आई थी। उस मैच की व्यूअरशिप 2.53 करोड़ थी। ढ्ढक्क में सबसे ज्यादा लाइव स्ट्रीमिंग देखने वालों की तादाद 12 अप्रैल को हुए मुकाबले में नजर आई थी। चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के मैच का व्यूअरशिप 2.2 करोड़ था। वहीं ढ्ढक्क में इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स का मैच आता है। इस मुकाबले की लाइव स्ट्रीमिंग भी 1.8 करोड़ था। मैच का आखिरी ओवर काफी रोमांच से भरा था। ऋष्टक्च को जीतने के लिए आखिरी ओवर में 6 गेंदों पर 19 रन की जरूरत थी। वहीं क्रीज पर सुयश प्रभुदेसाई और वनिंदु हसरंगा मौजूद थे। जबकि चेन्नई की ओर से गेंदबाजी करने का जिम्मा मथीशा पथिराना के कंधों पर था। पहली गेंद पर सुयश ने एक रन लिया। दूसरी गेंद पर हसरंगा ने 1 रन लिया। तीसरी गेंद पर सुयश ने छक्का जड़ा। चौथी गेंद पर कोई रन नहीं बना। पांचवीं गेंद पर सुयश ने दो रन लिए और आखिरी गेंद सुयश आउट हो गए। जैसे-जैसे आखिरी ओवर मैच का रोमांच बढ़ा, वैसे-वैसे ही व्यूअरशिप भी बढ़कर 2.4 करोड़ तक पहुंच गया। टीवी पर मैच देखने वालों की संख्या में ही नहीं कमी आ रही है, बल्कि टीवी पर एडवर्टाइजर्स की संख्या में भी 40 प्रतिशत की गिरावट आई है। पिछले साल टीवी पर 64 एडवटाईजर्स ने ऐड दिए थे, जबकि इस साल संख्या में कमी आई और केवल 35 एडवटाईजर्स ने ऐड दिए। वहीं जियो सिनेमा ने 500 से ज्यादा एडवर्टाइजर्स को भी अपने साथ जोड़ा है। इनमें कैस्ट्रॉल, टीवीएस, ओरियो, अल्ट्राटेक सीमेंट जैसे पुराने ब्रांड शामिल हैं, जो धीरे-धीरे अपने विज्ञापन खर्च को टीवी से डिजिटल की ओर ले जा रहे हैं। इसके साथ-साथ ड्रीम 11, क्कद्धशठ्ठद्गक्क, अमेजन, रैपिडो जैसे डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड भी शामिल हैं। ऐसे में जियो सिनेमा आईपीएल की टोटल ऐड सेल्स के 60त्न पर कब्जा कर सकता है। ढ्ढक्क के 16वें एडिशन को दो अलग-अलग मीडिया नेटवर्क ब्रॉडकास्ट कर रहे हैं। रिलायंस के जियो सिनेमा के पास डिजिटल और स्टार स्पोर्ट्स के पास टेलीविजन के राइट हैं। डिज्नी स्टार ने भारतीय महाद्वीप के ञ्जङ्क राइट्स को 23,575 करोड़ रुपए में खरीदा था। वहीं वायकॉम 18 (जियो सिनेमा) ने भारतीय महाद्वीप के डिजिटल राइट्स को 20,500 करोड़ रुपए में और चुनिंदा 98 मैचों के नॉन एक्सक्लूसिव डिजिटल राइट्स को 3,258 करोड़ रुपए में खरीद था। जियो ढ्ढक्क के मैच फ्री में दिखा रहा है।

# भारत को औस्कर, इमोशन का उत्सव

तमिलनाडु के मुदुमलै नैशनल पार्क में 5 साल तक फिल्माई गई कार्तिकी गोंजाल्विस की फिल्म 'द एलिफैंट व्हिस्परर्स' ने औस्कर अवार्ड जीत कर इतिहास रचा है. इस की कहानी अकेले छोड़ दिए गए हाथी और उस की देखभाल करने वालों के बीच अटूट बंधन है. 13 मार्च, 2023 भारत के लिए गर्व का क्षण था जब नैटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई फिल्म 'आरआरआर' के गाने 'नाटू नाटू' को औस्कर अवार्ड से सम्मानित किया गया। इतना ही नहीं, नैटफ्लिक्स पर ही 8 दिसंबर, 2022 से स्ट्रीम हुई कार्तिकी गोंजाल्विस निर्देशित डौक्यूमैंट्री फिल्म 'द एलिफैंट व्हिस्परर्स' ने 95वें औस्कर में 'डौक्यूमैंट्री शौर्ट फिल्म' श्रेणी में अकादमी पुरस्कार जीतने वाली भारत की पहली फिल्म बन कर इतिहास रच दिया. यह हर भारतीय के लिए गौरव की बात है. क्या है डौक्यूमैंट्री 'द एलिफैंट व्हिसपरर्स' डौक्यूमैंट्री 'द एलिफैंट व्हिसपरर्स' की कहानी इस की निर्देशक कार्तिकी गोंजाल्विस की मां प्रेसिला ने लिखी है. 40 मिनट की अवधि वाली यह डौक्यूमैंट्री तमिल भाषा में है और इंग्लिश भाषा में सब टाइटल्स हैं. इस फिल्म का विश्व प्रीमियर 9 नवंबर, 2022 को संयुक्त राज्य अमेरिका के वृत्तचित्र फिल्म समारोह 'डाक एनवाईसी फिल्म फैस्टिवल' में हुआ था. बाद में 8 दिसंबर, 2022 से यह फिल्म नैटफ्लिक्स पर एकसाथ 190 देशों में स्ट्रीम होने लगी. इस की कहानी तमिलनाडु में मुदुमलाई नैशनल पार्क से सटे गांव थेपाथलई की है जहां कट्टुनायकर आदिवासी जनजाति के लोग रहते हैं. इसी गांव में बोमन और बेली रहती हैं। बेली के पति की मौत हो चुकी है. बोमन व बेली के बीच दोस्ती है. फौरेस्ट औफिसर एक दिन बोमन व बेली को अनाथ हाथी रघु को उस की देखभाल करने के लिए सौंपते हैं. रघु की मां की बिजली का करंट लगने के बाद एक गांव में उस के झुंड द्वारा छोड़ दिया गया था. बोमन व बेली हाथी रघु को अपने बेटे की तरह पालते हैं. बाद में बेली और बोमन ने 3 माह की अनाथ हथिनी अम्मू को गोद ले लिया था. बोमन उन के माथे को सुंदर रंगीन डिजाइनों से सजाते हैं, शायद पहचान चिह्न के रूप में उन्हें अन्य 150 विषम हाथियों से अलग करने के लिए जो हरे जंगलों में रहते हैं। बाघ बारबार झाड़ियों के पीछे से झांकते हैं. रघु व अम्मू की परवरिश करतेकरते बोमन व बेली एकदूसरे के इतने करीब आ जाते हैं कि दोनों अधेड़ उम्र में शादी कर लेते हैं. अमूमन हर डौक्यूमैंट्री फिल्म में वौइसओवर ज्यादा होता है. मगर कार्तिकी गोंजाल्विस निर्देशित डौक्यूमैंट्री फिल्म 'द एलिफैंट व्हिसपरर्स' में वौइसओवर नहीं है. हम जब इसे देखते हैं तो यह एक पारिवारिक ड्रामा वाली इमोशनल फिल्म लगती



है. फिल्म में हाथी की बुद्धिमत्ता, भावना और उस की संजीदगी भी उभर कर आती है. एक दृश्य है जब बोमन और बेली को रघु व अम्मू का साथ छोड़ना पड़ता है। तब रघु यानी कि हाथी की आंखों से भी आंसू बहते हैं. पूरी फिल्म में आदिवासी संस्कृति और जंगल वगैरह सबकुछ बहुत सजीवता से उभर कर आता है. इसी के साथ यह डौक्यूमैंट्री प्रकृति के साथ सद्भाव व जनजातीय लोगों के जीवन की पड़ताल करती है. यह फिल्म पर्यावरण संरक्षण की भारतीय संस्कृति और परंपरा को भी प्रदर्शित करती है. जश्न का हिस्सा बने बोमन और बेली हाल ही में नैटफ्लिक्स ने औस्कर अवार्ड का जश्न मनाने के लिए तमिलनाडु के गांव से बोमन व बेली को मुंबई बुलाया। तब हमारी भी उन से मुलाकात हुई. डौक्यूमैंट्री के मुख्य नायक बोमन ने औस्कर अवार्ड की ट्रौफी अपने हाथ में ले कर कहा, ''मु झे गर्व है कि हमारे बच्चों (हाथी के बच्चे रघु व अम्मू) व हमारी कहानी को पूरे विश्व के सामने रखा गया. मु झे तो 2 हाथियों का पिता होने पर गर्व है.'' लेकिन बेली ने एकदम अलग बात कह दी. उस ने कहा, ''मु झे किसी से डर नहीं लगता. मैं तो जंगल में रहती हूं. आप लोगों को लगता है कि औस्कर अवार्ड बहुत बड़ी बात है पर मेरे लिए आप लोग महत्त्व रखते हैं, आप लोगों का प्यार माने रखता है जिन्होंने हमें इज्जत बख्शी है. मु झे इस बात की खुशी है कि मु झे मुंबई जैसे बड़े शहर में आने का अवसर मिला.'' मां की ममता जब आप ने 6 वर्ष तक 'रघु' और ढाई वर्ष तक 'अम्मू' की परवरिश की, उस के बाद फौरेस्ट औफिसर ने उन्हें आप लोगों से अलग कर दूसरों को दे दिया तब आप को कैसा लगा के सवाल पर बेली ने कहा। ''एक मां के रूप में हम हमेशा अपने बच्चों को बड़ा करते हैं पर कई बार बच्चे हमें छोड़ कर दूर किसी दूसरे शहर में चले जाते हैं. हम उन्हें रोक नहीं पाते. जब मु झ से रघु और अम्मू को वापस ले लिया गया तब मु झे दूसरे बच्चे को पालने के लिए मन में हिचक थी लेकिन कुछ समय बाद जब फौरेस्ट औफिसर नए बच्चे धर्मम को ले कर आए और बताया कि यह दुर्लभ प्रजाति के हाथी का बच्चा है. इस की मां की मौत हो चुकी है और इस के 3 भाईबहन गायब हैं. ऐसे में भला एक मां होने के नाते इस की परवरिश करने से मैं कैसे मना कर सकती थी. हम ने धर्मम को भी ले लिया और इन दिनों हम उसी की परवरिश कर रहे हैं। निर्देशक की 5 साल की मेहनत लेकिन डौक्यूमैंट्री 'द एलिफैंट व्हिसपरर्स' कार्तिकी गोंजाल्विस की 5 साल की मेहनत का परिणाम है. कार्तिकी गोंजाल्विस कहती हैं, ''हमारी डौक्यूमैंट्री 'द एलिफैंट व्हिस्परर्स' मनुष्य और प्रकृति के बीच पवित्र बंधन की एक बहुत ही खास फिल्म है. मेरी परवरिश इस अभयारण्य से महज 30 मिनट की दूरी पर हुई है. इसलिए मैं चाहती थी कि दुनिया इस लुभावने परिदृश्य की असीम सुंदरता को देखे और अनुभव करे. ''मैं अपने गुरु डगलस ब्लश, बोमन और बेली, मेरे मातापिता, स्वेन फाल्कनर, करण, कृष, आनंद, मेरे फिल्म क्रू, सोनी इंडिया, तमिलनाडु फौरेस्ट विभाग, सिख्या इंटरटेनमैंट और नैटफ्लिक्स की सा झेदारी के लिए बहुत आभारी हूं. मु झे उम्मीद है कि यह जीत वृत्तचित्र फिल्म निर्माताओं की एक नई पीढ़ी को अपनी कहानियों व हमारे देश की सुंदरता को सा झा करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

# इफ्तार पार्टी में पहुंचीं प्रेग्नेंट सना खान, पर इस वजह से ट्रोल हुए पति अनस मुफ्ती

बॉलीवुड में बीते कुछ दिनों से लगातार इफ्तार पार्टी देखने को मिल रही है, महाराष्ट्र के कांग्रेस लीडर बाबा सिद्दीकी ने भी कुछ दिनों पहले इफ्तार पार्टी रखी थी, जिसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस सना अपने पति अनस मुफ्ती के साथ शिरकत करती नजर आई। बता दें कि सना खान ब्लैक रंग के बुर्के में नजर आ रही हैं, प्रेग्नेंट सना खान बुर्के में काफी ज्यादा खूबसूरत लग रही हैं,जिसके बाद कैमरे के पास पोज देती सना खान को पति अनस लेकर जाने लगे तो लोग उनके बर्ताव को देखकर भड़क गए. उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है। इफ्तार पार्टी में सना



खान बुर्का पहनकर पहुंची जिसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा है, सना खान के इस लुक को लोग खूब पसंद कर रहे हैं, तस्वीर में सना कह रही हैं कि मैं थक गई हूं मुझे बार-बार मत लेकर खींचो जिसे देखकर अनस सुनते नहीं हैं. उनका यह एटीट्यूट लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं आ रहा है। वीडियो देखकर लोग भड़क गए हैं लगातार उन्हें ट्रोल कर रहे हैं, एक यूजर ने लिखा कि उसे सांस तो लेने दो, दूसरे ने लिखा है कि ये लोग कभी नहीं सुधरेंगे. इस वायरल हो रहे वीडियो को देखकर लोग लगातार अलग-अलग तरह के कमेंट कर रहे हैं।

# अनुज को भड़काएगी बरखा, देविका करेगी समझाने की कोशिश

रूपाली गांगुली और गौरव खन्ना सीरियल अनुपमा में इन दिनों काफी ज्यादा ट्विस्ट देखने को मिल रहा है, अनुपमा की जिंदगी को खराब करने के लिए वनराज और माया अपनी हर कोशिश करते नजर आ रहे हैं. दोनों मिलकर अनुज के कान भर रहे हैं अनुपमा के खिलाफ। बीते एपिसोड में आपको देखने को मिला है कि डिंपी की बातों को सुनकर अनुपमा डांस एकेडमी छोड़ देती है और खुद का डांस एकेडमी खोलने का फैसला कर लेती है, जिसके बाद से आपको देखने को मिलेगा कि अनुपमा अपना डांस एकेडमी




खोलने की तैयारी कर रही होती है। वहीं वनराज अपनी हरकतों से बाज नहीं आता है वह कहता है कि अनुपमा उसके जानें से काफी ज्यादा खुश है, अनुज वनराज की बातों से इतना ज्यादा भड़क जाता और एक बार फिर से गलत समझ लेता है. और गुस्से में कहता है कि उसे जो करना है करें, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है उससे। अपकमिंग एपिसोड में देखने को मिलेगा कि अनुपमा अपनी डांस एकेडमी खोलने की तैयारी में है, वह डांस एकेडमी अपने घर में खोलेगी. जिसकी तैयारी के लिए वह अपनी हर कोशिश कर रही है। वहीं अनुपमा सीरियल को देखने वाले फैंस काफी ज्यादा दुखी है अनुज और अनुपमा को एक साथ ना देखकर।




# मुझे अलग-अलग शैलियों और कहानियों के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद है : रेवती

जानी-मानी एक्ट्रेस और निर्देशक रेवती रोमांटिक फैंटेसी थ्रिलर टूथ परी- व्हेन लव बाइट्स में वैम्पायर के खिलाफ एक समूह की शासक लूना लुका की भूमिका निभा रही है। अपने रोल को लेकर उन्होंने खुलकर बात की। रेवती ने कहा कि इस किरदार को हां करने से पहले, उन्होंने काफी समय लिया क्योंकि यह उनके लिए पूरी तरह से नया है। हालांकि, वह हमेशा अलग-अलग शैलियों और कहानियों के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद करती हैं।वेब सीरीज में शांतनु माहेश्वरी एक डेंटिस्ट रॉय की भूमिका में हैं, जो तान्या मानिकतला द्वारा अभिनीत एक वैम्पायर रूमी के प्यार में पड़ जाता है।एक सीरीज का हिस्सा



होने और पूरी तरह से एक नई शैली के बारे में बात करते हुए, 56 वर्षीय एक्ट्रेस ने कहा- मैंने जो भी प्रोजेक्ट चुना है उसके पीछे हमेशा बहुत सोच-विचार किया है। टूथ परी- व्हेन लव बाइट्स की कहानी सुनी तो मुझे इसमें एक ऐसी शैली दिखी, जिस पर मैंने पहले कभी गौर नहीं किया था। यह कोई सामान्य रोजमर्रा की कहानी नहीं थी, बल्कि कुछ नया था, जिसे हमारे निर्देशक प्रतिम दासगुप्ता ने कोलकाता में सोचा और प्लॉट किया।रेवती तमिल, मलयालम, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ सिनेमा में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 1983 में तमिल फिल्म मन वसानई से अभिनय की शुरूआत की। उन्होंने रजनीकांत और कमल हासन जैसे दक्षिण के सुपरस्टार के साथ काम किया। उन्होंने 1991 की रोमांटिक फिल्म लव में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ भी काम किया। पिछले साल उन्होंने अपने निर्देशन में बनी फिल्म सलाम वेंकी में काजोल को कास्ट किया। उन्होंने कहा कि वह हमेशा विभिन्न शैलियों और चुनौतीपूर्ण विषयों के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद करती हैं।उन्होंने कहा, नए और असामान्य फॉर्मेट्स की खोज करना एक चुनौती है जिसे मैं करना पसंद करती हूं। सीरीज में, मैंने एक ऐसी भूमिका निभाई है, जो दृढ़ इच्छाशक्ति, अपने विश्वासों में मजबूत और सभी बाधाओं से लडने के लिए तैयार है। मुझे इस तरह की अच्छी तरह से गढ़ी गई भूमिकाएं निभाना पसंद है। टूथ परी- व्हेन लव बाइट्स 20 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



# अनुपमा की नई जिंदगी की होगी शुरुआत तो कहानी से गायब होगा अनुज!

अनुपमा सीरियल में नए कहानी की शुरुआत हो चुकी है, हालांकि करेंट में हो रही कहानी की चीजे लोगों को परेशान कर रही है, अनुपमा में दिखाया जा रहा है कि अनुज और अनुपमा एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। अनुपमा अपनी नई जिंदगी की शुरुआत करने की कोशिश कर रही है, वहीं अनुज अपनी बेटी के साथ मुंबई में हैं. वहीं खबर है कि कहानी में नया ट्रेक आते ही अनुज का पत्ता साफ हो जाएगा कहानी से. वहीं अब कहानी में पूरा फोकस अनुपमा पर किया जाएगा। वहीं सीरियल में दिखाया जाएगा कि अनुपमा अपनी जिंदगी की शुरुआत नए अंदाज में करने वाली हैं, जहां पर वह अपनी पुरानी बातों को भूला देंगी. बता दें कि अनुपमा के इस ट्रैक ने दर्शकों को हिलाकर रख दिया है। दर्शक भी अनुपमा की कहानी देखने के लिए बेताब रहते हैं, इस सीरियल में अनुज यानि गौरव खन्ना ने जिस तरह से अपनी बेटी के लिए प्यार दर्शाया है वह हिलाकर रख दिया है. बता दें कि छोटी अनु के जाने के बाद से अनुज और अनुपा में दूरियां आ गई थी। माया ने अनुज और अनुपमा को एक-दूसरे से दूर करने की कोशिश की है, जिसमें वह सफल रही है।

# सलमान खान ने साझा किया किसी का भाई किसी की जान का नया पोस्टर

सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। यह फिल्म 21 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस बीच सलमान ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर किसी का भाई किसी की जान का नया पोस्टर साझा किया है, जिसे देख उनके प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। इसके कैप्शन में सलमान ने लिखा, फिल्म रिलीज होने में एक हफ्ता बचा है। 10 अप्रैल को रिलीज हुए किसी का भाई... के ट्रेलर को सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिली हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ पूजा हेगड़े नजर आएंगी। फिल्म से शहनाज गिल और पलक तिवारी बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म में साउथ के सुपरस्टार राम चरण कैमियो करेंगे। फिल्म में भूमिका चावला और भाग्यश्री भी दिखाई देंगी। अब तक किसी का भाई... के 5 गाने रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें प्रशंसकों द्वारा खूब प्यार मिला है। वहीं इससे पहले भी ट्रेलर लॉन्च से पहले सलमान खान ने सोशल मीडिया पर फैंस के लिए फिल्म का एक नया पोस्टर भी शेयर किया था. पोस्टर में सलमान अपने लंबे बालों वाले लुक में बिल्कुल डैपर लग रहे थे. उनकी तराशी हुई फिजिक्स और बीस्ट जैसा अवतार उनके फैंस के लिए विजुअल ट्रीट से कम नहीं है. फैंस उनके स्ट्रॉन्ग हेयर गेम में फंसते नजर आ रहे थे. उस नए पोस्टर में सलमान खान ब्लैक कलर की टी-शर्ट और अपना फेमस ब्रेसलेट पहने नजर आ रहे हैं. उन्होंने काली सनी, हैवी बियर्ड और गोल्ड ईयररिंग्स के साथ अपने कूल लुक को कंपलीट किया था।

# बेहद खूबसूरत हैं बादशाह की जीएफ ईशा रिखी

## बोल्डनेस में भी बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस को देती हैं मात

रैपर बादशाह और पंजाबी इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस ईशा रिखी की शादी की खबरें इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी चर्चाएं बटौर रही हैं। हालांकि बादशाह ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए फैंस को बताया की ये महज अफवाह है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ईशा रिखी की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं जिसमें उनकी हॉटनेस के आगे बॉलीवुड की अभिनेत्रियां भी फेल हैं। पंजाबी इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस ईशा रिखी



इन दिनों सोशल मीडिया पर अपने ग्लैमरस लुक्स के कारण लाइमलाइट में हैं। हाल ही में उनकी कुछ लेटेस्ट स्टाइलिश आउटफिट में फोटोज इंटरनेट पर तहलका मचा रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस के आगे बॉलीवुड की बड़ी-बड़ी हसीनाएं भी फेल हैं। उनका हर अंदाज फैंस के बीच ट्रेंड करता हैं। ईशा आए दिन अपनी हॉट और सिजलिंग तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी अच्छी-खासी है और वो इंस्टाग्राम पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि ईशा रिखी का जन्म 9 सितंबर 1993 को पंजाब के चंदीगढ़ में हुआ था। ईशा के परिवार में उनकी मां एक भाई और एक बहन हैं। जब एक्ट्रेस छोटी थी तब ही उनके पिता का देहांत हो गया था। एक्ट्रेस की स्कूलिंग चंदीगढ़ के शिशु निकेतन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से हुई है। उन्होंने अपनी बैचलर डिग्री चंदीगढ़ के पंजाब विश्वविद्यालय से हासिल की है। ईशा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2013 में सिप्पी गिल, सांवल गिल, ओम पुरी स्टारर मूवी जट्ट बॉयज पुट जट्टन दे से सिल्वर स्क्रीन पर की थी। बता दें कि एक्ट्रेस इसके अलावा भी कई पंजाबी मूवी में काम कर चुकीं हैं।

# दिग्विजय सिंह ने किया कांग्रेसजनों से चुनावी मंथन, स्थानीय व्यक्ति को ही टिकट देने की उठी मांग

सीहोर। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह सीहोर दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सेक्टर, मंडलम प्रभारियों एवं अध्यक्षों की बैठक ली। इस दौरान बैठक में स्थानीय नेता को ही टिकट देने की मांग पुरजोर तरीके से उठाई गई। बैठक में दिग्विजय सिंह ने सेक्टर एवं मंडलम प्रभारियों को बोलने का मौका दिया। इस दौरान मंच से मांग की गई कि यदि कांग्रेस ने किसी स्थानीय उम्मीदवार को टिकट दिया तो कांग्रेस की जीत पक्की है और किसी बाहरी को टिकट मिला तो फिर कोई भी कुछ नहीं कर पाएगा। इससे पहले सीहोर पहुंचे दिग्विजय सिंह का पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, जिला पंचायत सदस्य शशांक सक्सेना, इछावर के पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, पार्षद एवं युवा नेता राजीव गुजराती, कांग्रेस के जिला सचिव पंकज शर्मा, सुदीप व्यास सहित अन्य कांग्रेसियों ने भव्य अगवानी की। इसके बाद दिग्विजय सिंह ने पत्रकारवार्ता की।

दिग्विजय सिंह बैठे नीचे, महिलाओं को मंच पर बैठाया- सीहोर के यशराज गार्डन में आयोजित सेक्टर, मंडलम प्रभारियों की बैठक में दिग्विजय सिंह मंच पर पहुंचे, लेकिन वे मंच पर बैठने की बजाए नीचे बैठे और उन्होंने बैठक में मौजूद रहीं महिलाओं को मंच पर बैठाया। बैठक में कांग्रेस की पूर्व पदाधिकारी रूकमणि गोहिला ने अपनी बात रखते हुए कहा कि सीहोर के कार्यकर्ताओं का कोई कसूर नहीं है। कसूर होता है आप जैसे ब? नेताओं का, जो हमें बाहरी प्रत्याशी थोप दिया जाता है और वह हारकर चला जाता है। 10 साल हो गए हैं सीहोर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भुगतते-भुगतते, लेकिन इस बार नहीं भुगतेंगे। इस बार कोई बाहरी नहीं चलेगा। यदि स्थानीय प्रत्याशी को टिकट मिलेगा तो सीहोर के कांग्रेस कार्यकर्ता, नेता तन, मन, धन से जीता कर लाएंगे और यदि बाहरी को टिकट दिया गया तो हारने से भी कोई नहीं रोक सकता। सीहोर का ही प्रतिनिधि बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीहोर के कांग्रेसियों को धार्मिक आयोजनों में जाने में शर्म आती है, राम का नाम लेने में शर्म आती है। सभी को धार्मिक आयोजनों, रैलियों में ब?-च?कर हिस्सा लेना चाहिए और अपनी उपस्थिति दर्ज करानी चाहिए।

**जिलाध्यक्ष पर निकाला गुस्सा, कार्यप्रणाली से असंतुष्ट दिखे कार्यकर्ता**-बैठक में दिग्विजय सिंह के सामने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह तोमर की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए गए। बैठक में मंडलम, सेक्टर प्रभारियों ने आरोप लगाए कि ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी तो उन्हें कम से कम पूरा टर्न काम करने का मौका मिलना चाहिए, लेकिन ब्लॉक अध्यक्ष को पहले नियुक्ति दी गई और फिर हटा दिया गया, इससे बाहर अच्छा मैसेज नहीं जाता है।

इन जनप्रतिनिधियों की भी ली बैठक-पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सीहोर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पालिका पार्षद, ग्राम पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधि, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, किसान कांग्रेस, आईटी सेल, एनएसयूआई सहित सभी प्रकोष्ठों के सदस्य एवं सभी वरिष्ठ, कनिष्ठ, पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों सहित कांग्रेस के समस्त कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक की। इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के प्राथमिक सदस्यों को ही आमंत्रित किया गया है। राजा, महाराजा, जमींदार बिक गए, इसलिए गिर गई सरकार - दिग्विजय सिंह-कांग्रेसी मंदिर एवं धार्मिक स्थलों पर जाते हैं तो भाजपा के लोगों को दर्द होता है, लेकिन अब मोहन भागवत भी मस्जिद- मदरसों में जाने लगे हैं। हमें भी दर्द होता है। 2018 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने परिवर्तन किया, लेकिन कुछ लोग बिक गए। इनमें हमारे गरीब विधायक तो नहीं बिके, लेकिन राजा, महाराजा, जमीदार जैसे लोग बिक गए और कांग्रेस की सरकार गिर गई। यदि कांग्रेस की सरकार होती, कांग्रेसी एकजुट होते तो किसानों की कर्जमाफी हो जाती। मध्यप्रदेश में रेत का अवैध कारोबार नहीं होता। मध्यप्रदेश में कुशासन की जगह प्रशासन चलता, लेकिन राजा, महाराजा बिक गए। यह बातें मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कही। वे अपने सीहोर दौरे के दौरान पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इससे पहले सीहोर पहुंचे कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह का पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, युवा नेता एवं पार्षद राजीव गुजराती, जिला पंचायत सदस्य शशांक सक्सेना, पंकज शर्मा सहित अन्य कांग्रेसियों ने भव्य स्वागत, सत्कार किया। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ एवं संगठन के निर्देश के अनुसार उन्हें मध्यप्रदेश की 66 विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी दी गई है। जहां से कांग्रेस हारती रही है। इनमें से अब तक वे 23 विधानसभा सीटों पर जाकर पार्टी पदाधिकारियों, संगठन के साथ चर्चा करके बैठक कर चुके हैं। अब सीहोर आए हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह स्वीकारने में बिल्कुल भी अफसोस नहीं है कि हमारा संगठन कमजोर है। हम चुनाव वाले दिन, वोटिंग वाले दिन बूथ मैनेजमेंट करने में असफल रहते हैं। यह हमारी सबसे ब?ी कमजोरी है। कांग्रेस संगठन जैसा होना चाहिए वैसा नहीं है, लेकिन अब पीसीसी चीफ कमलनाथ ने बूथ मैनेजमेंट को लेकर रणनीति बनाई है। अब कांग्रेस को सेक्टर एवं मंडलों में बांटा गया है। हर सेक्टर, मंडलम सहित हर जिले के प्रभारी बनाए गए हैं, ताकि संगठन को मजबूती दी जा सके। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा है कि 15 साल की भाजपा सरकार की वादाखिलाफी, कुशासन, भ्रष्टाचार से जनता परेशान है। अब मध्यप्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पुलवामा मामले को लेकर कहा कि जो उन्होंने आरोप लगाए थे वह सभी आरोप अब सही साबित सही हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें देशद्रोही बोला, लेकिन आज तक कोई भी यह साबित नहीं कर पाया कि दिग्विजय सिंह देशद्रोही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि गुलाम नबी आजाद जब तक कांग्रेस में थे, तब तक वे आजाद थे, लेकिन कांग्रेस से जाते ही गुलाम हो गए हैं। कांग्रेस तो उनको नवी बनाना चाहती थी, लेकिन उन्हें गुलामी पसंद थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने लहार की घटना को लेकर भी भाजपा पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि लहार नगर परिषद में एक भी भाजपा के पार्षद नहीं है। वहां पर भाजपा नेता अवैध जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। इसको लेकर नगर परिषद जब कब्जा हटाने गई तो भाजपाइयों ने तहसीलदार और सीएमओ पर हमला कर दिया, जबकि हाईकोर्ट ने भी अवैध कब्जा हटाने का निर्देश दिया है। एक सवाल के जवाब में दिग्विजय सिंह ने कहा कि रामेश्वर शर्मा उनके सामने अभी बच्चा है।



## किट्स गार्डन स्कूल संचालक शिवकुमार गौतम बने भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- शिवपुरी किड्स गार्डन स्कूल के संचालक शिव कुमार गौतम को सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री विष्णुदत्त शर्मा जी एवं मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी संगठन महामंत्री माननीय श्री हितानंद शर्मा जी, संभाग प्रभारी माननीय श्री जीतू जिराती जी, जिला प्रभारी माननीय श्री केशव सिंह भदौरिया जी की सहमति से किड्स गार्डन स्कूल के संचालक शिव कुमार गौतम को भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया। जिस पर शिव कुमार गौतम जी के चाहने वालों ने माला पहना कर मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## भितरवार विधानसभा के नगर परिषद मोहना में क्षेत्रीय विधायक ने व्यक्त की शोक संवेदनाएं

रहीश भैया



**घाटीगांव/मोहना।** नगर परिषद मोहना के वार्ड क्रमांक 06 में विगत दिनों लालाराम ओड निधन हो गया। वुधवार को क्षेत्रीय विधायक लाखन सिंह यादव शोकाकुल परिवार के घर मोहना पहुंचे, और शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा परिजनों को ढांढस बंधाया इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष राधाकृष्ण धाकड, वार्ड पार्षद कमल खत्री, पार्षद कमल राठौर, डॉ छविराम वघेल, डॉ खुर्शीद खांन, बंटी गुर्जर, मुकेश धाकड़, आरिफ खान, जगदीश कुशवाहा,आदि लोग मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद पाटन कार्यालय में भक्ति संगीत संध्या कार्यक्रम

निल कुमार, पुष्पांजली टुडे

**पाटन/ गुजरात।** भारत विकास परिषद शाखा द्वारा सेवा एवं संस्कार संस्कृति को केन्द्र स्थाने रखके कार्यक्रम आयोजीत किये जाते है। इस संबंध में शाखा के नव वर्ष की शुभ शुरुआत के लिए भारत विकास परिषद कार्यालय में भक्ति संगीत संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कमलेशभाई स्वामी, राकेशभाई स्वामी व उनकी टोली द्वारा एवम् डॉ. आशुतोष पाठक द्वारा सुंदर भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में परिवार के साथ शाखा ट्रस्टी भानुभाई सोनी, अश्विनभाई पारेख, शांतिभाई स्वामी, अध्यक्ष दिलीपभाई पटेल, मंत्री भरतभाई पटेल, प्रांत महामंत्री डॉ. पारस खमार के साथ बड़ी संख्या में व्यापारी भाई-बहन व अन्य सदस्य मौजूद रहे. कार्यक्रम के अंत में आरती प्रसाद व हल्का नाश्ता ग्रहण कर के कार्यक्रम को विराम दिया गया।




## राष्ट्रीय पत्रकार महासभा के मध्यप्रदेश में नियुक्ति लेटर हुए जारी

पुष्पांजली टुडे



शिवपुरी राष्ट्रीय पत्रकार महासभा भारत में तेजी से बढ़ता हुआ संगठन जो हमेशा पत्रकारो के हित की बात करता है और पत्रकारों की लड़ाई में सबसे आगे रहता है आज राष्ट्रीय पत्रकार महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश पत्रकार अरशद अली और राष्ट्रीय पत्रकार महासभा के कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद दारा खान का नुक्ती लेटर जारी हुआ जिसे आज जनसंपर्क ऑफिस जाकर पत्रकार अरशद अली अपना और मोहम्मद दारा खान का राष्ट्रीय पत्रकार महासभा का नियुक्ति पत्र जनसंपर्क कार्यालय में जमा कराया वही जैसे ही नियुक्ति पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल धाकड़ ने जारी किया नियुक्ति पत्र मिलते ही बधाइयों का सिलसिला जारी हो गया रात तक बधाइयों का तांता लगा रहा।

## हार्टफुलनेस योग महोत्सव के लिए एकजुट हुई शहर की सामाजिक एवं योग संस्थाएं

### आईआईटीटीएम छात्रों को कराया मेडिशन

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे



ग्वालियर। भारतीय यात्रा एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान आईआईटीटीएम ग्वालियर में आज हार्टफुलनेस योग महोत्सव के संबंध में शहर के विभिन्न योग संस्थान तथा सामाजिक संगठनों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे शहर की विभिन्न सामाजिक एवं योग संस्थाओं ने सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। कार्यक्रम संयोजक अर्चना शर्मा ने हार्टफुलनेस संस्था संस्था संस्था का परिचय देते हुए गतिविधियों की जानकारी दी और एनएनआईपी में 21 से 23 अप्रैल तक आयोजित योग महोत्सव में सहभागिता हेतु आमंत्रित किया। इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर पुष्पा पुशाम जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर, ब्रह्मकुमारी के बीके प्रहलाद, पतंजलि योग समिति के श्री जयदयाल शर्मा,क्रीड़ा भारती के प्रांत संगठन मंत्री गिरीश जी नेहरू युवा केंद्र की नेहा जादौन, भारतीय योग संस्थान के जेएन शर्मा, आर्ट ऑफ लिविंग के सुधीर कुशवाह, हेमंत त्रिवेदी आनंद विभाग,योग प्रशिक्षक अखिलेश पचौरी, दीपेंद्र तिवारी,मुन्ना परिहार, रिचा राठौर,विकासखंड योग प्रभारी डॉक्टर लोकेंद्र सिंह कामर,गोविंद मेहरोत्रा, रेखा श्रीवास्तव, जगदीश गुप्ता आदि उपस्थित थे। इससे पूर्व श्रीमती अर्चना शर्मा द्वारा आईआईटीटीएम के छात्र छात्राओं को मेडिटेशन का सेशन कराया गया। मेडिटेशन के लाभ से अवगत कराया।

## विश्व होमियोपैथिक दिवस के अवसर पर सम्मानित हुये डॉ आनन्द शाही

हजारीबाग। विश्व होमियोपैथिक दिवस के उपलक्ष्य में रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन,माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता,माननीय अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, माननीय होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (भारतीय होमियोपैथिक चिकित्सा संघ) के अध्यक्ष डॉ रामजी सिंह,झारखंड होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के झारखंड इकाई के अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार की गरीमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई। इस आयोजन में पूरे भारत से लगभग 1700 चिकित्सको ने लोगो ने ऑनलाइन पंजीयन करवाए,पंजीयन पूर्णतः निशुल्क था। डॉ आनन्द कुमार शाही एक समाजसेवी के साथ आयुष चिकित्सक भी है,आयुष के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए लिए आयुष निदेशक, डॉ फजलू समी झारखंड सरकार के द्वारा सम्मानित किया गया,आयोजन में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आंगनबाड़ी होमियोपैथिक किट का भी उद्घाटन किए,झारखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर होमियोपैथिक मेडिसिन किट दी जाएगी,जिससे बच्चो में होने वाली बीमारी के बचाव में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। इस आयोजन में डॉ आनन्द शाही ने पूरी तरह लोगो के भोजन,पानी,सुरक्षा,सम्मानित किए गए चिकित्सकों के लिए उचित व्यवस्था पर पूरी नजर बनाए रखी और लोगो को मदद करते रहें। डॉ आनन्द शाही



के इस सम्मान में डॉ गणेश शंकर, डॉ ज्ञानेंदु जयपुरिया,डॉ बीएन सहाय,डॉ अनिल कुमार,डॉ अजित कुमार,डॉ हरिओम ,डॉ नीतू सौंडी,डॉ पंकज मेहता,डॉ बिजय कुमार,डॉ मुकेश झा,डॉ दिग्विजय भारद्वाज,डॉ डीएन तिवारी,डॉ शंकर कुमार सहित तमाम चिकित्सको ने बधाई दिया ।

## बाल कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव में लगाएंगे बाल चौपाल

दैनिक पुष्पांजली टुडे



लहार । मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा बाल कांग्रेस की भोपाल में बैठक ली गई जिसमे बाल कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्षों द्वारा बड़ - चढ़ कर हिस्सा लिया इसी क्रम में बाल कांग्रेस के लहार विधानसभा अध्यक्ष हेमन्त त्रिपाठी के द्वारा अच्छा कार्य करने पर हेमंत त्रिपाठी पर प्रशंसा की गई। बैठक में 150 से अधिक बाल कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मौजूद रहे एवं कमलनाथ द्वारा बाल कांग्रेस को गांव - गांव में बाल चौपाल लगाने के लिए सभी बाल कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश दिये।

# रिपोर्ट कार्ड देने के समय सौगात का ड्रामा कर रही है भूपेश सरकारः संदीप शर्मा

## खुद तो कुछ नही किया भाजपा के विकास कार्यों पर रंग रोगन कर उद्घाटन करती है कांग्रेस सरकार : भाजपा

संवाददाता हेमचंद नागेश

गरियाबंद। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का विधानसभाओं का दौरा सियासी ड्रामेबाजी से ज्यादा कुछ नहीं है। श्री शर्मा ने कहा कि अब जबकि चुनाव सिर पर है और रिपोर्ट कार्ड दिखाने का समय है, तब मुख्यमंत्री बघेल विधानसभाओं में जाकर सौगातों की ड्रामेबाजी कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा है कि हाल के महीनों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के मद्देनजर की गई घोषणाओं, उन पर क्रियान्वयन की मौजूदा स्थिति और उन घोषणाओं के बजट प्रावधानों के संबंध श्वेत-पत्र जारी किया जाए ताकि प्रदेश की जनता वास्तविकता से अवगत हो सके। श्री शर्मा ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और सत्तावादी अहंकार से उपजी राजनीतिक अशिष्टता का परिचायक है कि मुख्यमंत्री बघेल जब-जब जनता के बीच जाते हैं, उनका कार्यक्रम डाँट-डपट में बदल जाता है। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल की यह ?वाबदेही है कि वे प्रदेश को यह बताएँ कि भेंट-मुलाकात के दौरान की गई घोषणाएँ क्या पूरी हुईं। उनमें करोड़ों रुपए की ऐसी घोषणाएँ हैं, जिनका ब?ट में तो प्रावधान तक नहीं है, और घोषणाओं के बारे में ब?ट में कोई चर्चा तक भी नहीं की गई है। मुख्यमंत्री बघेल को पहले भेंट-मुलाकात कार्यक्रमों और उस दौरान की गई घोषणाओं पर एक श्वेत-पत्र जारी करना चाहिए, ताकि प्रदेश की जनता को



यह साफ-साफ समझ आ जाए कि पहले क्या हुआ और अब आगे क्या होने वाला है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव सामने आ रहा है, मुख्यमंत्री बघेल की झूठी घोषणाएं बढ़ती जा रही हैं। अभी विधानसभाओं में जाकर वे सौगात-सौगात का खेल, खेल रहे हैं। रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में किए गए शिलान्यास पर कटाक्ष कर श्री शर्मा ने कहा कि भूपेश सरकार ने अपने साढ़े 4 वर्षों के कार्यकाल में भाजपा शासन में किए गए कामों पर रंगरोगन कर उद्घाटन करने के अलावा और कोई काम नहीं किया है। श्री शर्मा ने सवाल किया कि अब चार-साढ़े चार महीने के शेष कार्यकाल में जो घोषणाएँ भूपेश सरकार कर रही है, तो उनका क्रियान्वयन कैसे और कब करेंगे? अब घोषणाएं करने के बजाय मुख्यमंत्री बघेल प्रदेश को यह बताएँ कि राजनीतिक लफ्फाजियों को छोड़कर साढ़े 4 सालों में उनकी सरकार ने क्या किया? श्री शर्मा ने कहा कि विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं रखने वाली और केन्द्र की योजनाओं में भ्रष्टाचार, घोटाला और प्रतिशोध की राजनीति करने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार को तो अब अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करने का समय है और कांग्रेस सरकार की ड्रामेबाजी से प्रदेश की जनता झाँसे में आने वाली नहीं है। श्री शर्मा ने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार एकदम तय है और प्रदेश के मुख्यमंत्री बघेल अब जनता के साथ छल-कपट की राजनीति बंद करें।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478